
डिजिटल संस्करण
केशव टाइम्स
आपकी आवाज
मंगलवार
27 अगस्त 2024



मुंगेर में मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश, 6 गिरफ्तार 2



# श्रीमद्भागवत के शाश्वत मंत्रों के माध्यम से श्रीकृष्ण ने दी नई संजीवनी: योगी



**केटी न्यूज/मथुरा**

श्रीकृष्ण के 5251वें जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करते हुए दर्शन-पूजन किया। सीएम ने जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान से प्रदेशवासियों को संबोधित भी किया। सीएम योगी ने कहा कि आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व है। 5251 वर्ष पूर्व श्री हरि भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार के रूप में लीलाधरी भगवान श्रीकृष्ण ने मां देवकी व वासुदेव के सुपुत्र के रूप में इस धरा धाम पर अवतरित होकर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना का कार्य द्वापर युग में पूर्ण करके श्रीमद्भागवत के शाश्वत मंत्रों के माध्यम से नई संजीवनी दी।



सीएम योगी ने कहा कि कामना करता हूं कि प्रभु की कृपा से देश व प्रदेश पर सुख, समृद्धि बरसती रहे। पांच हजार वर्ष पूर्व उन्होंने धर्म के पथ का अनुसरण करने, सत्य व न्याय की संदेश दिया था, उस मार्ग का अनुसरण करते हुए हम सभी लोकमंगल व राष्ट्रमंगल के अभियान के प्रति पूर्ण समर्पण भाव के साथ कार्य कर सकें। प्रभु आपको इतनी शक्ति दें कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय जीवन मंगलमय व शुभ हो। आप सभी मिलकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए तैयार हो सकें। सीएम ने श्रीकृष्ण कन्हैया लाल की जय, वृंदावन बिहारी लाल की जय, राधे रानी की जयकार लगवाकर अपनी बात समाप्त् की।

## योगी ने श्रीकृष्ण के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित की

श्रीकृष्ण के 5251वें जन्मदिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंच श्रीकृष्ण के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करते हुए दर्शन-पूजन किए। सीएम ने यहां कान्हा को पंचामृत स्नान कराया व भोग प्रसाद अर्पित किया। सीएम ने गर्भ गृह में भी दर्शन किया। गर्भ गृह को कारागार के रूप में सजाया या। फिर मंदिर प्रांगण का अवलोकन किया। इस दौरान पूरा प्रांगण 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' गूंज से गुंजायमान हो गया।

## बोले...श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हृदय से बधाई देता हूं


सीएम योगी ने कहा कि आज जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुजन यहां पर दर्शनार्थ आए हैं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार व जनता-जनार्दन की तरफ से सभी का अभिनंदन व स्वागत करता हूं। प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हृदय से बधाई देता हूं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी समेत व अधिकारी गण मौजूद रहे।

**सीएम योगी ने लगाया एक पेड़ मां के नाम:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत पौधरोपण किया। सीएम ने वेटनरी कॉलेज के अशोका अतिथि गृह परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इसके पहले सीएम ने लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में 20 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम लगाया था।

### रूस-यूक्रेन टकराव: सेराटोव और एंगेल्स शहर में किया गया ड्रोन से हमला

# रूस में यूक्रेन का अमेरिका के 9/11 जैसा हमला, बिल्डिंग से टकराया ड्रोन, 4 जख्मी

- रूस के सेराटोव शहर में स्थित 38 मंजिला वोल्गा स्काई आवासीय परिसर को बनाया गया निशाना
- बिल्डिंग पर ड्रोन से किए गए हमले का वीडियो वायरल, घटना से लोगों में दहशत का माहौल



**एजेंसी/नई दिल्ली**

रूस में अमेरिका के 9/11 के आतंकी हमले जैसा अटैक हुआ है। हालांकि यह हमला किसी आतंकी ने नहीं बल्कि यूक्रेन ने किया है। 9/11 के हमले में हवाई जहाज बिल्डिंग से टकराया था। वहीं इस हमले में एक ड्रोन रूस की गगनचुंबी इमारत से टकराया है। रूस के सेराटोव में यूक्रेनी ड्रोन की शहर की सबसे बड़ी इमारत की टक्कर से दहशत फैल गई। इसके अलावा एंगेल्स शहर में भी बिल्डिंग से ड्रोन टकराया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं।

क्षेत्र के गवर्नर रोमन बुसारगिन ने कहा कि हमले में 38 मंजिला वोल्गा स्काई आवासीय परिसर को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के वीडियो में दिख रहा है कि बिल्डिंग के बीच में एक ड्रोन जा टकराया। ड्रोन की टक्कर से आग की लपटें उठीं। साथ ही एक जोरदार धमाका सुनाई दिया। जिस शख्स ने ड्रोन की टक्कर का वीडियो बनाया है उसकी आवाज में डर साफ झलक रहा है। इससे पहले रात में यूक्रेन की ओर से लॉन्च किए गए 20 ड्रोन को रूस ने मार गिराने का दावा किया है। बुसारगिन के अनुसार यूक्रेन की ओर से लॉन्च किए गए ड्रोन को रूसी रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया, जिससे गिरे मलबे ने रूस के सेराटोव क्षेत्र के दो शहरों में घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। ड्रोन के वोल्गा स्काइ से टक्कर के बाद देखा जा सकता है कि बिल्डिंग में एक बड़ा सा छेद बन गया है। वहीं मलबा पूरी सड़क पर फैल गया है। एंगेल्स में एक आवासीय इमारत की ऊपरी मंजिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से किए हमले



**नई दिल्ली।** रूस की सेना ने यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला बोला है। सोमवार सुबह रूस की ओर से यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए गए हैं। यूक्रेनी न्यूज पोर्टल द कीव इंडिपेंडेंट ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि राजधानी कीव और यूक्रेन के दूसरे शहरों में 26 अगस्त की सुबह विस्फोटों की आवाज सुनी गई। रूस की ओर से बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किए जाने से ये धमाके हुए। कीव के अलावा आसपास के शहरों में भी भीषण हमले हुए हैं। शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया कि खार्किव में भी विस्फोट सुने गए हैं। कीव के अलावा डेसा, विन्नित्सिया, जापोरिजिया, क्रेमेनचुक, डीनिप्रो, खमेलनित्सकी, क्रोपिव्नित्सकी, क्रिवी रिह में भी हमले हुए हैं। रूस और यूक्रेन में जंग फरवरी 2022 से चल रही है लेकिन हाल के दिनों में यह भयावह रूप लेती जा रही है। यूक्रेन ने हालिया समय में रूस के बड़े क्षेत्र पर कब्जा जमाया है। यूक्रेनी आर्मी ने रूस के सारातोव शहर की सबसे बड़ी बिल्डिंग पर ड्रोन से हमला कर बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

# गोपालगंज में नदी में डूब रहे एक युवक को बचाने के क्रम में 4 लोगों की चली गई जान

**केटी न्यूज/पटना**

गोपालगंज में गंडक नदी में नहाने के दौरान सोमवार को एक ही परिवार के चार लोग डूब गए। एक-दूसरे को बचाने के दौरान यह हादसा हुआ है। यह घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के मुंजा गांव की है। हादसे के बाद एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। लापता लोगों की खोजबीन की जा रही है।

बताया जाता है कि जादोपुर मटियारी गांव निवासी शिक्षक नवलेश कुमार सिंह की माता का निधन हो गया था। सोमवार को दशकर्म था। परिवार के सभी पुरुष सदस्य मुंजा गांव में गंडक नदी के घाट पर मुंडन कराने के लिए पहुंचे हुए थे। मुंडन कराने के बाद गंडक नदी में नहाने के दौरान एक युवक सुजीत (18 वर्ष) डूबने लगा। सुजीत को बचाने में सुमित (14 साल), निखिल (19 साल) और संजीव भी गहरे पानी में डूब गए।

घटना के बाद अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में सूचना पाकर स्थानीय विधायक प्रेमशंकर यादव भी पहुंचे। प्रशासन की टीम भी पहुंची। लापता लोगों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है। उधर परिजनों में कोहराम मच गया है।

इस पूरे मामले में एसडीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि शिक्षक नवलेश कुमार की मां का कुछ दिन पहले निधन हो गया था। उसी का सोमवार को श्राद्धकर्म था। मुंडन के बाद ये बच्चे नहाने चले गए थे। नहाने के क्रम में एक का पैर फिसल गया और एक-दूसरे को बचाने के क्रम में ये लोग डूब गए। एसडीआरएफ की टीम लगातार डूबे हुए लोगों को खोज रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना होती है तो एसडीआरएफ की टीम त्वरित कार्रवाई करती है। इस तरह की घटना में जो बिहार सरकार की ओर से आपदा की राशि है चार लाख रुपये वह दी जाएगी।

## करीब 19000 भारतीय बांग्लादेश में फंसे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में भारतीय वीजा केंद्र के बाहर एक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई है, जो भारत द्वारा वीजा जारी नहीं किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रही है। 13 अगस्त के बाद से ढाका स्थित भारतीय वीजा केंद्र ने अपनी सेवाओं को सीमित कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में लगभग 19,000 भारतीय नागरिक बांग्लादेश में फंसे हुए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच सीट बंटवारे को लेकर सहमति बन गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारुख अबदुल्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि NC 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। 1 सीट सीपीआईएम को दी गई है। वहीं एक सीट पैंथर पार्टी को मिली है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव होना है। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को, दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर को वहीं तीसरे चरण में 1 अक्टूबर को मतदान होना है। नतीजे 4 अक्टूबर को सामने आएंगे।

## भारत में रहना होगा तो रामकृष्ण की जय कहना होगा: मोहन यादव

**एजेंसी/भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को जन्माष्टमी के मौके पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के अंदर रहना होगा तो रामकृष्ण की जय कहना होगा। उन्होंने कहाकि यहां का खाने वाले और कहीं और का बजाने वाले सावधान हो जाएं। यह नहीं चलेगा। हम देश के अंदर सबका सम्मान करना चाहते हैं। हम किसी का अपमान नहीं करते हैं।मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि अब आप अवैध काम करोगे और कानून को तोड़ोगे तो मध्य प्रदेश सरकार बर्दाश्त करने वाली नहीं है। जिस दिन शपथ लेते हैं, उस दिन ईश्वर को साक्षी रखकर शपथ लेते हैं। मैंने तो जुगलकिशोर को साक्षी रखकर शपथ ली थी कि जब भी आगे बढ़ेंगे भगवान राम और कृष्ण की जय जयकार करते हुए बढ़ेंगे। भगवान राम और कृष्ण ने असुरी शक्तियों से सदैव लड़ने की प्रेरणा दी है। यही पाठ उन्होंने हमकों सिखाया है। असुरी भावना को पहचानने की जरूरत है। मैं किसी भी धर्म का विरोध नहीं करता हूं, सबका सम्मान करता हूं। सबके लिए कानून बराबर होना चाहिए, अगर कानून कोई तोड़ेगा तो सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

## कंगना को पार्टी के नीतिगत मुद्दे पर बयान देने की अनुमति नहीं: भाजपा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

किसान आंदोलन पर बीजेपी सांसद कंगना रनौत की टिप्पणी को लेकर बीजेपी ने किनारा कर लिया है। किसान नेताओं ने उनके बयान को लेकर गुस्सा जताया था। इस पूरे मामले पर बीजेपी की ओर से आधिकारिक बयान सामने आया है। जिसमें लिखा है,किसान आंदोलन के संदर्भ में भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा दिया गया बयान पार्टी की राय नहीं है। भाजपा कंगना रनौत द्वारा दिए गए बयान से असहमत है। पार्टी की ओर से कंगना रनौत को पार्टी नीतिगत मुद्दे पर बयान देने की न तो अनुमति है और न ही वह इसके लिए अधिकृत हैं। बीजेपी की ओर से जारी बयान में कंगना रनौत के बयान से किनारा करने के साथ-साथ बीजेपी के केंद्रीय मीडिया विभाग की ओर से लिखा गया है कि पार्टी ने सांसद कंगना रनौत को निर्देश दिए हैं कि वह इस प्रकार का कोई बयान भविष्य में ना दें। बीजेपी सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के तहत काम करने वाली पार्टी है।






# गोपालगंज में इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में लगी आग, 45 लाख का सामान जला

अग्निकांड

**केटी न्यूज/गोपालगंज**

गोपालगंज में कटेया थाना क्षेत्र के जमुनहां बाजार में सोमवार सुबह एक परचून दुकान में अचानक आग लग गई। आसपास के लोग सोए हुए थे, लोगों को जब तक पता चला, तब तक आग भयावह रूप ले चुकी थी। आग को बुझाने की लोगों ने भरपूर कोशिश की। इतने ही देर में बगल की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में भी आग पकड़ ली। दोनों दुकानों में लगभग 45 लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है, जमुनहां गांव निवासी सत्येन्द्र सिंह उर्फ सोनी सिंह अपनी परचून दुकानदार और इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार भृंगीचक गांव निवासी सुनील शाह अपनी दुकान बंदकर रविवार देर शाम अपने घर चले गए थे। सोमवार की सुबह सोनी सिंह के परचून दुकान से धुआं निकलने लगा। हालांकि, आसपास के लोग सोए हुए थे। बगल की एक महिला ने धुएं को देखा। इसके बाद शोर गुल होने लगा। आसपास के लोग जुटे तब तक आग पूरी तरह से फैल चुकी थी। परचून दुकान में ही छोटे बड़े गैस चूल्हे का समान कारोबार भी था, जिसके चलते आसपास के लोग दुकान में प्रवेश



करने से डर रहे थे। इसी दौरान आग विकराल रूप ले ली और बगल के इलेक्ट्रॉनिक दुकान को भी अपने गिरफ्त में ले लिया। लोग आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान दमकल की गाड़ी पहुंची। ग्रामीण और दमकल की गाड़ी की सहायता से दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।दुकानदार सत्येंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 15 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। वहीं, सुनील ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक दुकान होने के चलते बहुत महंगे-महंगे समान लाया गया था, जिसकी अनुमानित कीमत 30 लाख की थी। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पंचदेवरी पिकेट प्रभारी महाबीर प्रसाद पुलिस बल के साथ पहुंचे। साथ ही 112 की गाड़ी भी पुलिस के साथ पहुंची थी। वहीं, स्थानीय मुखिया अशोक प्रसाद गुप्ता और पूर्व मुखिया डॉ. मुखी सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर पदाधिकारियों से बात कर उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। पंचदेवरी बीडीओ राहुल रंजन ने कहा कि घटना की जांच कराई जा रही है। पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा जाएगा।

**सूचना देने के बाद भी देर से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी:** दुकान में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड की गाड़ी को 6:15 बजे ही दे दी गई। लेकिन कटेया से 15 किलोमीटर की दूरी तय करने में गाड़ी को डेढ़ घंटे का समय लग गया, जिसको लेकर बाजार वासियों ने कड़ी नाराजगी भी जाहिर की। हालांकि, आने के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। दमकल कर्मी ने बताया कि सूचना मिलने के एक घंटे के अंदर ही गाड़ी पहुंच गई। अब चूंकि दूरी होने के कारण आने में देरी हुई। वहीं दूसरी ओर आमजन में आक्रोश व्याप्त था।

# लखीसराय जिलाधिकारी रजनीकांत ने सरकार को भेजा स्वैच्छिक इस्तीफा

**केटी न्यूज/ लखीसराय**

लखीसराय के जिलाधिकारी रजनीकांत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। डीएम ने अपना इस्तीफा सरकार को भेज दिया है। दरअसल, लखीसराय के डीएम के पद पर तैनात भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी रजनीकांत ने सरकार से स्वैच्छित सेवानिवृति की मांग की थी। इसको लेकर उन्होंने सरकार को पत्र लिखा था। आईएएस रजनीकांत की स्वैच्छिक सेवानिवृति को राज्य सरकार से मंजूरी मिल गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से



इसको लेकर अधिसूचना जारी की गई है। जिसके बाद लखीसराय डीएम ने अपना इस्तीफा सरकार को भेज दिया है। नियमानुसार इन्होंने तीन माह पूर्व ही अपना इस्तीफा भेज दिया था। ताकि किसी तरह की कोई अड़चन नहीं आये।

## सहकार की भावना से विकसित राष्ट्र का सपना होगा साकार : राज्यपाल



**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करने के लिए सबको सहकार की भावना से काम करना होगा। आर्लेकर ने रविवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम के सभागार में सहकार भारती के एफपीओ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे एवं आखिरी दिन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करने के लिए हम सबको सहकार की भावना से काम करना होगा। मानवीय संस्कार ही सहकार की भावना को बलवती बनाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र के समग्र विकास से ही विकसित एवं समृद्ध भारत का सपना साकार होगा। सत्यनिष्ठा एवं दृढ़ संकल्प के साथ कृषकों के बीच जाकर सहकार की भावना से काम करने पर ही देश की प्रगति तेजी से होगी। उन्होंने कहा कि अपने पास की जानकारी को दूसरों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है। सहकार की भावना का मतलब ही है। समर्पित भाव से सबके उपकार एवं कल्याण की कामना। इसके लिए राष्ट्र के सभी लोगों को अपने अंदर के विचार में बदलाव करना होगा। तभी इस सपने को पूरा किया जा सकता है। विकसित राष्ट्र बनने में सभी का सहयोग आवश्यक है। इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

### सिरजुआ तौफिर दियारा में चल रही थी गन फैक्ट्री

# मुंगेर में मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश, 6 गिरफ्तार

**केटी न्यूज/मुंगेर**

बिहार के मुंगेर में एसटीएफ और पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त छापेमारी कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया। पुलिस ने यहां से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध हथियार व कारतूस भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, घटना मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिरजुआ तौफिर दियारा की है। इस मामले में डीएसपी अभिषेक ने मुफस्सिल थाना परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया मुंगेर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिरजुआ तौफिर दियारा में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध हथियार बनाए जा रहे है। इस सूचना के बाद एसटीएफ और पुलिस की टीम ने बताए गए स्थान पर संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी पर गिरोह के सरगना सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही डीएसपी अभिषेक



बताया ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में कुछ लोगों का आपराधिक इतिहास है।द वहीं पुलिस ने छापेमारी के दौरान दो देसी, चार जिंदा कारतूस, 12 खोखा, 6 बेस मशीन, 7 पिस अर्द्धनिर्मित देसी कट्टा की बॉडी, पांच पिस बैरल, तीन पिस ट्रिगर और एक हैंड ड्रिल मशीन के साथ अवैध हथियार बनाने का ढेर सारा औजार जब्त किया है। बता दें कि गिरफ्तार लोगों की पहचान सुबोध यादव, बेचो यादव, बटोरन यादव, सर्वेश यादव, रूकेश यादव और मिट्ठू यादव के रूप में की गई है। गिरफ्तार लोगों से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई। जिससे पता चला कि इस अवैध हथियार निर्माण गिरोह का सरगना सुबोध यादव है, जिसके संरक्षण में अवैध हथियार निर्माण का काम होता है। विदित हो कि एक सप्ताह पूर्व भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया था। इसमें पति-पत्नी सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया था। पति-पत्नी निर्मित माल की डिलवरी करने के लिए जा रहे थे। दंपति चोरी की बाइक पर माल डिलवरी करने के लिए जा रहे थे। तभी पुलिस ने धर-दबोचा था।

# बेतिया जीएमसीएच में कुत्तों ने नोचा शव

**केटी न्यूज/ बेतिया**

बेतिया के जीएमसीएच में संदिग्ध स्थिति में एक युवक का शव मिला है। शव को कुत्ते ने नोचकर खाया है। जीएमसीएच के ऊपरी मंजिल से युवक की गिरकर मौत की आशंका जताई जा रही है। शव मिलने से अस्पताल व अगल-बगल के क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। युवक का शव अस्पताल के कंट्रोल रूम के पीछे मिला है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

हालांकि, अभी शव का शिनाख्त नहीं हो सका है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक का पहले से जीएमसीएच में इलाज चल रहा था। वह मानसिक तौर पर भी बीमार था। उसके ऊपरी मंजिल से गिरकर मौत की आशंका जताई जा रही है। अस्पताल नाका थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अस्पताल प्रबंधक शाहनवाज ने कहा है कि युवक के गिरकर मौत के बाद शव को कुत्तों ने हल्का ही नोचा था। बाद में गार्ड ने उन्हें भगा दिया। पुलिस आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। सोमवार को सिक्योरिटी गार्ड अस्पताल के पीछे गए। उन्होंने देखा कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है। कुछ कुत्ते उसे नोचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद गार्ड ने इसकी जानकारी अस्पताल प्रशासन को दी। नाका प्रभारी रामकुमार पसवान ने भी बताया, जीएमसीएच में संचालित कंट्रोल रूम के पीछे एक युवक का शव संदिग्ध स्थिति में मिला है। फिलहाल, शव का पोस्टमॉर्टम कराकर 72 घंटे के लिए अस्पताल में रखा गया है। लोगों से उसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। हालांकि पहचान नहीं हो पायी है। उसकी उम्र करीब 26 साल के आसपास है।




## पैर फिसला और नदी में जा गिरीं दो सहेलियां, दोनों की डूबने से मौत

**मधुबनी।** मधुबनी में एक दर्दनाक हादसे में दो सहेलियों की जान चली गई। दोनों सहेलियां घास काटने के लिए गई थीं, इसी दौरान पैर फिसल गया और दोनों बछराजा नदी में गिर गईं, जिससे दोनों की डूबकर मौत हो गई। घटना जयनगर थाना क्षेत्र के बरही तारा टोल गांव की है। मृतक दोनों लड़कियों की पहचान तारा टोल गांव निवासी शंभू मुखिया की बेटी काजल कुमारी और रूबी कुमारी के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम दोनों नदी किनारे घास काटने गई थी। घास काटते काटते दोनों नदी के छोर पर चली गईं। इसी दौरान दोनों का पैर फिसला और दोनों नदी में गिर गईं। दोनों गहरे पानी में चली गई और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। अगले दिन दोनों का शव पानी में तैरता मिला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# तेजस्वी अपने पिता के कार्यकाल का लॉ एंड ऑर्डर को देखें : मंगल पांडेय

**केटी न्यूज/पटना**

राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा लॉ एंड ऑर्डर को लेकर उठाए गए सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने करारा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि इनको अपने पिताजी के इतिहास को पूरा पढ़ना चाहिए। लालू जी और उनके माता के समय में जो होता था उसी के चलते पूरे बिहार की छवि खराब हुई। लालू यादव के कारण एक समय में बिहारी कहलाना शर्म की बात होती थी। आरजेडी ने अपराधियों को संरक्षित करने का काम किया है। मंगल पांडे ने आगे कहा कि बिहार के इतिहास को समझने की कोशिश करें तो यहां अपराधियों को संरक्षित करने का काम राष्ट्रीय जनता दल ने किया है। यदि किसी एक नेता ने अपराधियों को महिमा मंडित किया उस नेता का नाम लालू प्रसाद यादव है। यदि किसी मुख्यमंत्री के राज्य में मुख्यमंत्री आवास से अपराधियों का डील होता



था तो दो मुख्यमंत्री का नाम आता है लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी। किसी सरकार के बारे में हाईकोर्ट की टिप्पणी देखी जाए तो राजद की सरकार के संदर्भ में ही टिप्पणी था कि यहां जंगल राज्य है, जिसके ऊपर इतने सारे आरोप लगे हैं उसको अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए।

**लालू यादव ने पूरे बिहार को बनाया बेरोजगार:** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार को अभी भी अपराधियों को आगे राजनीतिक रूप से बढ़ाने में राजद कहीं भी पीछे नहीं है। लोकसभा चुनाव में ही उन्होंने जैसे उम्मीदवारों को उतारा वह सब को मालूम है कैसे-कैसे अपराधियों को टिकट दिया है। जो अपराधियों को राजनीति में आगे लाना चाहता है उसको अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू यादव के कारण बिहारी को दूसरे राज्य में जाना पड़ता था नौकरी तलाशने के लिए। एक समय था कि बिहार में 18 साल के ऊपर होने पर रोजगार और काम धंधा का कोई आस ही नहीं रहता था लालू यादव ने पूरे बिहार को बेरोजगार बनाया।

### भोजपुरी संगीत जगत की अग्रणी म्यूजिक कंपनी की प्रतियोगिता में रहा पूर्वांचल का दबदबा

# सारेगामा हम भोजपुरी सुपर स्टार के विजेता बने बलिया के नीतीश तो उप विजेता बक्सर के अनूप

♦ इस विशेष प्रतियोगिता में 50,000 से अधिक प्रतिभागीयों ने लिया था भाग

**केटी न्यूज/पटना**

भोजपुरी संगीत जगत की अग्रणी म्यूजिक कंपनी सारेगामा भोजपुरी द्वारा सारेगामा हम भोजपुरी सुपरस्टार को बलिया के नीतीश के रूप में एक नया सुपर स्टार बन गया है। नीतीश ने अपने सुरीले अंदाज से जजों को और ऑडियंस को खूब प्रभावित किया, जिसके बाद उन्हें सारेगामा हम भोजपुरी सुपरस्टार बनने का मौका मिला है।

वहीं सारेगामा हम भोजपुरी सुपरस्टार के फर्स्ट रनर अप (उपविजेता) बक्सर के अनूप बने, जिनकी गायकी भी कमाल की है। विदित हो कि इस विशेष प्रतियोगिता में 50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें टॉप 5 में क्रमशः नीतीश, अनूप, कृष्णा, श्रीरेंद्र और अंजली का चयन हुआ था। इस



प्रतियोगिता का उद्देश्य उन प्रतिभाओं को पहचान और मंच प्रदान करना था, जिन्हें अक्सर उचित मंच नहीं मिल पाता है। भोजपुरी समुदाय में अपार प्रतिभा छुपी हुई है, लेकिन उचित अवसर और मंच के अभाव में ये प्रतिभाएं दुनिया के सामने नहीं आ पातीं। इसे ध्यान में रखते हुए, सारेगामा हम भोजपुरी ने इस अनोखे कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे भोजपुरी जनता को एक विस्तृत प्लेटफार्म मिला। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी युवा दिलों की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू भी मौजूद रहे और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान उन्होंने सारेगामा की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसा मंच गायकों के लिए सारेगामा ने दिया है, जो इंडस्ट्री के लिए सौभाग्य की बात है। मैं चाहूंगा कि इस मंच का फायदा हर प्रतिभाशाली लोग उठाएं और अपने कला को सारी दुनिया में पहचान सारेगामा के माध्यम से दिलाएं। मालूम हो कि इस प्रतियोगिता में 50,000 से अधिक प्रतिभागियों में से सारेगामा हम भोजपुरी की ज्यूरी ने कड़ी मेहनत और जजमेंट के बाद 5 बेहतरीन प्रतिभाओं को चुना। इनमें नितेश राणा (बलिया) , अनूप कुमार ओझा (बक्सर)कृष्णा यादव झकझोरिया (रोहतास), श्रीरेंद्र उपाध्याय (कैमुर)और अंजली राय( लखनऊ) क्रमशः 1 से 5 स्थानों पर चयन किया गया है। इन प्रतिभाओं के चयन के साथ ही सारेगामा ने भोजपुरी जगत को टॉप 5 स्टार्स दिए हैं, जो भविष्य में इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। ये सभी सारेगामा के एक्सक्लूसिव आर्टिस्ट होंगे।



# जमीनी विवाद में रणक्षेत्र बना चक्की चुन्नी डेरा गांव, मामले में 10 गिरफ्तार

- दर्जनों राउंड फायरिंग से गांव में मची अफरा तफरी, 25 वर्षों से चल रहा है विवाद
- पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही पुलिस

**केटी न्यूज/चक्की**

स्थानीय ओपी क्षेत्र के चक्की चुन्नी डेरा गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। पहले तो लाठी डंडे व भाला से दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमला करने लगे,



देखते ही देखते दोनों तरफ से बंदूकें भी तन गई तथा फायरिंग शुरू हो गई। फायरिंग होते ही भगदड़ मच गई। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो करीब 20-25 राउंड फायरिंग हुई है। जिसमें दोनों पक्षों के कुल सात लोग जख्मी हुए है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों के घर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक घर से तीन असलहे, कारतूस व खोखा बरामद हुए है। इसके बाद पुलिस इस मामले में बेहद सख्त कार्रवाई के मूड में है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू की।

मिली जानकारी के अनुसार चुन्नी डेरा के सत्येन्द्र सिंह व सुगन सिंह के परिवार के बीच 25 वर्षों से एक भू-खंड पर विवाद चल रहा था। इस दौरान कई बार दोनों पक्ष आमने सामने हुए थे। मामला शनिवासरीय जनता दरबार भी पहुंचा था। लेकिन विवाद कम नहीं हुआ। सोमवार को एक पक्ष के लोग उस भू-खंड की जुताई करने पहुंच गए। इस दौरान दूसरा पक्ष वहां जाकर विरोध करने लगा। इसी बात पर पहले लाठी-डंडे तथा बाद में फायरिंग शुरू हो गई।

**सदर अस्पताल में चल रहा है एक पक्ष के घायलों का इलाज :** मिली जानकारी के अनुसार एक पक्ष के घायल सत्यनारायण सिंह, कमलेश सिंह, अर्जुन सिंह व मुकेश सिंह को चक्की पीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है, सभी को गोली लगी है। किसी के पैर में तो किसी के जांघ में गोली लगने की बात सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने कही है। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। घायल मुकेश कुमार ने कहा कि उनलोगों ने पहले पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस समय से नहीं पहुंची। वहीं, दूसरे पक्ष के तीन लोग भी जख्मी हुए है। जिनके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। वही समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। इस घटना के बाद गांव में तनाव कायम है। पुलिस मारपीट व फायरिंग की घटना में शामिल लोगों को चिन्हित कर उनके गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

> “ चक्की चुन्नी डेरा में मारपीट व फायरिंग की जानकारी मिलते ही वहां पहुंच मामले की जांच की गई। यह घटना जमीन विवाद से जुड़ा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।
>
> – अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव

# महिला की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर थाना क्षेत्र के सोमेश्वर स्थान मोहल्ले में एक महिला की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। उसका शव कमरे में पंखे से लटकते पाया गया। इसकी जानकारी मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम कराया। वही मृतका के पिता ने इस मामले में ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार सोमेश्वर स्थान मोहल्ले के गायत्री नगर के निवासी अर्जुन पांडेय की पत्नी 26 वर्षीय प्रीति कुमारी ने रात में अपने ही घर में पंखे से लटक कर जान दे दी। बताया जा रहा पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में नाराज पत्नी ने फांसी लगा ली हो। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर नगर थाने की पुलिस पहुंची और फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पिता के बयान पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान प्रसूता की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**डुमरांव।** जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक में प्रसूता की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने एन एच 319 पर उतर गए। लगभग दो घंटे तक हाइवे को ग्रामीणों ने जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर सड़क से जाम हटवाया।

जाम के दौरान मृतक के परिजनों का आरोप था कि प्रसूता की स्थिति काफी बिगड़ने पर ग्रामीण चिकित्सक डॉ जितेन्द्र कुमार ने रेफर किया। जिसकी मौत आरा ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। जानकारी के अनुसार भोजपुर जिला के धनगाईं थाना अंतर्गत केसरी गांव निवासी कृष्ण यादव की 26 वर्षीय पत्नी मीना देवी चार दिन पूर्व प्रसव पीड़ा में सोनवर्षा के डॉ. जितेन्द्र के पास आई थी। जहां मृतका ने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद उसकी स्वास्थ्य बिगड़ने लगी थी। इधर मृतका के चाचा संतोष यादव ने बताया कि सोमवार को प्रसव होने के बाद मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी। जब स्थिति काफी खराब हो गई, तो चिकित्सक ने मरीज को रेफर कर दिए। इस दौरान मरीज की मौत आरा ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। इस संबंध में सोनवर्षा थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा हाइवे को जाम किया गया था। जिसे समझा - बुझाकर जाम हटवा दिया गया था। प्रसूता महिला की शव को लेकर परिजन अपने घर चले गए थे। परिजन द्वारा इस संबंध में कोई आवेदन थाना में नहीं दिए है।

### पूरे दिन गांव में लगा मेडिकल कैंप, एसडीओ समेत कई अधिकारियों ने लिया जायजा

# बनकट में 53 लोग डायरिया से आक्रांत, सभी का इलाज जारी

- प्रशासन ने पूरे गांव में कराया एंटी लार्वा का छिड़काव, गांव में डायरिया के लक्षण वाले मरीजों की हो रही खोज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव से सटे बनकट गांव में रविवार को डायरिया का विस्फोट हुआ था। पलक झपकते ही इस महामारी ने पूरे गांव को अपने आगोश में ले लिया। एक-एक कर कुल 53 लोगों को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां, सोमवार की शाम तक उनका इलाज जारी था। डॉक्टरों ने उनकी हालत को खतरे से बाहर बताया है। अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. गिरिश कुमार सिंह ने कहा कि मरीजों की हालत स्थिर है। बावजूद उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। उनके इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है।

24 घंटे से अधिक समय से उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों की टीम पूरी मुश्तैदी से उनका इलाज कर रही है। एसडीओ राकेश कुमार खुद इस पर नजर बनाए हुए है। इधर मरीजों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन सकते में आ गया है। वही, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया फैलने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वही, ग्रामीण सूत्रों की मानें तो डायरिया से आक्रांत होने वालों की संख्या और अधिक है।



**डायरिया वॉर्ड में तब्दील हुआ अनुमंडलीय अस्पताल**

बनकट में डायरिया फैलने के बाद डुमरांव का अनुमंडलीय अस्पताल डायरिया वॉर्ड के रूप में कनवर्ट हो गया है। सभी कमरों तथा बेडो पर डायरिया से आक्रांत मरीज ही दिखाई पड़ रहे थे। उन्हें स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। पूरे दिन अनुमंडलीय अस्पताल में उन मरीजों का इलाज जारी था।

**गांव में पूरे दिन आयोजित हुआ मेडिकल कैंप :** इस घटना के बाद सोमवार को पूरे दिन गांव में मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। डुमरांव पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद के नेतृत्व में मेडिकल टीम गांव में कैंप कर लोगों को जरूरी दवाएं दे रही थी तथा उन्हें साफ-सफाई से रहने, ताजा भोजन करने आदि के लिए जागरूक किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग तथा नगर परिषद की टीम ने संयुक्त रूप से जलजमाव वाले इलाके में एंटी लार्वा के अलावे कई अन्य दवाओं का छिड़काव किया। वही मेडिकल कैंप में लोगों को ओआरएस सहित कई अन्य दवाएं दी जा रही थी। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को भी कैंप आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि लोग डरे नहीं तथा जो भी आक्रांत हो रहे है, उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराए।

**दूषित जल से डायरिया फैलने की बताई जा रही है बात :** हालांकि, इस मामले में अभी तक स्वास्थ्य विभाग या प्रशासन द्वारा कोई अधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। लेकिन, शुरूआती जांच से दूषित जल के सेवन से डायरिया फैलने की बात बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जलापूर्ति वाला पाइप फट गया है, जिससे पिछले दो दिनों से गंदा पानी आ रहा था। वही, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद ने भी कहा कि शुरूआती जांच तथा मरीजों से पूछताछ में दूषित जल के सेवन की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि अभी इसकी गहराई से जांच करना बाकी है। जबकि, ग्रामीणों के अनुसार दो दिन पहले गांव में एक पार्टी हुई थी, जिसमें मीट परोसा गया था। इसे भी डायरिया फैलने से जोड़कर देखा जा रहा है।

**लोगों को किया जा रहा है जागरूक :** डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि बनकट में स्थिति का जायजा लिया गया है। अनुमंडलीय अस्पताल में भी इलाजरत मरीजों को देखा तथा उनके बेहतर इलाज का निर्देश दिया। मामले पर प्रशासन नजर रखे हुए है। स्थिति नियंत्रण में है। सभी आक्रांत लोगों का बेहतर इलाज कराया जा रहा है। गांव में व्यापक पैमाने पर सफाई अभियान व दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

**एक ही परिवार के चार लोग डायरिया से ग्रसित**

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के राजापुर गांव के एक ही परिवार को चार लोग डायरिया के चपेट में आ गए थे। इसकी जानकारी ग्रामीण जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को दिया। चारों की गंभीर हालत को देखते हुए पड़ोसियों ने सोनवर्षा निजी अस्पताल में इलाज कराया। इधर गांव के एक परिवार में डायरिया की सूचना पर प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग की टीम उक्त गांव पहुंची। जहां डायरिया से ग्रस्त लोगों की जानकारी लिया। साथ ही लोगों को इस रोग के लक्षण की पहचान करने एवं समय पर इलाज कराने की जानकारी दिया। शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही आशंका पर कुछ लोगों के बीच दवाई भी बांटे।

# डुमरांव स्टेशन रोड की जर्जर स्थिति को लेकर अनिश्चित कालीन महाधरना शुरू

- एनएच-120 के उभरे गड्ढों में पानी भर जाने से गहराई का पता ही नहीं चलता और फंस जाते हैं वाहन, स्टेशन रोड को शीघ्र बनाने की उठी मांग

**केटी न्यूजडुमरांव**




डुमरांव नगर का जर्जर स्टेशन रोड नप व अनुमंडल प्रशासन के लिए सरदर्द बन गया है। जानलेवा बन चुके इस स्टेशन रोड को बनाने के लिए प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर अब धरना-प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया है। सामाजिक कार्य करने वाली संगठन स्वयं शक्ति भी सड़क पर उतर गई है। सोमवार को संगठन के कार्यकताओं ने राज हाईस्कूल खेल मैदान गेट पर जहां रोड के गड्ढों में पानी जमा है वहां अनिश्चितकालीन महाधरना पर बैठ गए हैं। इनके धरना पर बैठते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

धरना पर बैठे नौजवानों ने कहा कि इस रोड को खराब हुए कई वर्ष बित गये, लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान जाता ही नहीं है। स्टेशन रोड में उभरे गड्ढों में प्रतिदिन वाहन पलट जाते हैं और फंस जाते हैं, जिससे लोग घायल होकर घर नहीं अस्पताल पहुंच जाते हैं। बावजूद प्रशासन मूक दर्शक बना रहता है। इस रोड के गड्ढे को जबतक भरा और बनाया नहीं जायेगा यह स्थिति बनी रहेगी। आज से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। यह कार्यक्रम यहीं तक सीमित नहीं रहेगा, कभी रोड जाम तो कभी आमरण अनशन तक होगा। मजबूरी में हम नौजवानों को सड़क पर उतरना पड़ा है। मालूम हो की स्टेशन रोड एकदम जर्जर होकर पूरी तरह से बिखर गया है। यह शहर ही नहीं पूरे जिले के लिए बहुत जरूरी सड़क है। इस रोड से बड़े-बड़े यात्री वाहन, समानों से लदे ट्रक प्रदेश के जिलों सहित अन्य प्रदेशों में आते-जाते रहते हैं। धरने पर बैठे लोगों में धीरज मिश्रा, अशोक राय, भोला ठाकुर, प्रशांत कुमार, भीम मिश्र, विष्णु दूबे, विशाल शर्मा, राहुल कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार, अजीत पांडेय, सुमित राय, एकराम खान, अनुप, राजू, पप्पू, मोहम्मद राजा, रौनक सहित अन्य मौजूद थे।

# नप ने शुरू की गड्ढों को भरने की कवायद

**डुमरांव।** स्टेशन रोड जो नगर के बीचोबीच से गुजरती है एनएच-120 की सड़क है। यह सड़क डुमरांव नगर के लिए एक समस्या बन गई है। इस पर उभर आए जानलेवा गड्ढों और उसमें भर आए पानी को लेकर हाय तौबा मचा हुआ है। अब इसको लेकर धरना-प्रदर्शन भी शुरू कर दिया गया है। इसको लेकर नप से लेकर अनुमंडल प्रशासन तक की निंद हराम हो गई है। सोमवार को नप ईओ के साथ कुछ पार्षद और चेयरमैन सुनीता गुप्ता के प्रतिनिधि सुमित गुप्ता गड्ढे का निरीक्षण किया। अपने निरिक्षण के दौरान ईओ ने मजदूरों को आवश्यक निर्देश दिए ।

चेयरमैन ने ईओ को रोड के सभी गड्ढों को भरने की बात कही। फिर मजदूरों को ईओ ने रोड के गड्ढों को भरने का आवश्यक निर्देश दिया। निर्देश मिलते ही मजदूर ईंट का टुकड़ा व मोरम से भरना शुरू कर दिए। नप द्वारा गड्ढे की भराई कर दिए जाने से वाहन को आने-जाने में परेशानी नहीं हो रही थी। लोगों का यह कहना था की इस तरह से कई बार रोड भरा गया , लेकिन फिर वही हाल हो गया। इसकी जबतक स्थायी निदान नहीं निकलेगा रोड को लेकर हाय तौबा मची रहेगी।



# लापता युवक का मिला शव, गला रेत की गई है हत्या

- तियरा-बहुआरा मार्ग स्थित पानी भरे करहा में पड़ा था शव, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/राजपुर**

तीन दिन पूर्व अपने घर से लापता तियरा गांव के युवक का शव सोमवार को मिला है। उसका शव तियरा बहुआरा पथ के किनार स्थित पानी भरे करहा में पड़ा था। उसकी हत्या गला रेत की गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पहचान शुरू किया। शीघ्र ही उसकी पहचान तियरा निवासी राधेश्याम सिंह के 21 वर्षीय



पुत्र अंकित कुमार मौर्य के रूप में हुई। परिजनों ने उसकी शिनाख्त की और बताया कि वह तीन दिनों से लापता था। जिसकी तलाश की जा रही थी। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर सैकड़ो की संख्या में लोग जुट गए। लोगों में कई तरह की चर्चाएं हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार राजपुर के तियरा गांव निवासी राधेश्याम सिंह का पुत्र अंकित कुमार तीन दिन पूर्व अपने रिश्तेदार तथा दोस्तों के साथ घर से गायब था। देर शाम तक जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने रिश्तेदार के घर फोन कर पूछताछ की गई। मगर, उनलोगों द्वारा जानकारी दी गई उसके साथ अंकित नहीं आया है। 24 अगस्त को मृतक के पिता राधेश्याम सिंह ने राजपुर थाने में आवेदन देकर उसके गायब होने की प्राथमिकी दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज कर पुलिस अभी उसकी खोजबीन कर रही थी। इसी बीच सोमवार कि अहले सुबह खेत घुमने गए किसानों ने करहा के पास एक शव देखा। जंगल की आग की तरह यह खबर पूरे गांव में फैल गई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहां, पहुंची पुलिस शव की पहचान कर जांच में जुट गई। इधर घटना की जानकारी के बाद घरवालों में कोहराम मच गया।

## ट्रक की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत

**बक्सर।** नगर थाना के पास ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। इस दुर्घटना में वृद्धा का शव इस कदर क्षत-विक्षत हो गया कि उसे पहचानना मुश्किल हो गया। वही, घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। घटना सोमवार की सुबह पांच बजे की है। उक्त महिला के कपड़े से यह प्रतीत हो रहा था कि उक्त महिला भीख मांगने वाली है। पुलिस पहचान नहीं होने के बाद शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेज दिया। शव के क्षत-विक्षत होने से उसकी पहचान में मुश्किलें आ रही है। स्पष्ट तस्वीर भी नहीं आ पा रही है। नगर थाने की पुलिस ने आस पास के लोगों से महिला के संबंध में जानकारी देने की अपील की है।


### जिले के 18,54,795 लक्षित लाभुकों में से 14,17,461 को खिलाई जा चुकी है फाइलेरिया रोधी दवा

# तीन दिनों तक बूथ लगाकर खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाएं

- दवा खाने से मना करने वाले लोगों को किया जा रहा जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत लोगों को घर घर जाकर दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। लेकिन, मंगलवार से जिले में बूथ लगाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित माइक्रो प्लान के तहत 27 से लेकर 29 अगस्त तक जिले के सरकारी व निजी स्कूलों के साथ साथ सरकारी



व गैर सरकारी संस्थाओं में बूथ लगाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा।

सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि जिले में 10 से 26 अगस्त तक आशा कार्यकताओं द्वारा घर घर जाकर दवाओं का सेवन कराया गया। लेकिन अब बूथ लगाकर लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा। ताकि, छूटे हुए लोगों व लाभुकों को इस अभियान का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान जो भी लाभुक दवाओं का सेवन करने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें मॉप अप राउंड में अनिवार्य रूप से दवाओं का सेवन कराया जाएगा। ताकि, कोई भी फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से वंचित न रहे।

**76.13 % लाभुकों ने खाई फाइलेरिया रोधी दवाएं**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया जिले में डोर टू डोर कैंपेन के दौरान 25 अगस्त की शाम तक 76.13 प्रतिशत लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा चुका है। इसके लिए पूरे जिले के 1854795 लाभुकों को चिह्नित किया गया था। जिनमें अब तक 1417461 लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया जा चुका है। उसके बाद जो भी लाभुक दवाओं का सेवन करने से वंचित रह गए हैं, उन्हें बूथ लगाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा।

**रिफ्यूजल के मामलों को कराया जा रहा ब्रेक :** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 25 अक्टूबर तक जिले में एडीआर के कुल 78 मामले सामने आए। वहीं, दूसरी ओर जिले में अब तक 763 लोगों ने दवाओं का सेवन करने से इन्कार कर दिया था। जिनको जागरूक करते हुए 102 लोगों को दवाओं का सेवन कराया जा चुका है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ पीरामल फाउंडेशन, पीसीआई और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च जैसी सहयोगी संस्थाएं पूरी तरह से सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि रिफ्यूजल के मामले में ज्यादातर लोगों के बीच भ्रांतियां देखी जा रही है।








सोमवार की रात मध्य रात्रि में ठीक 12 बजते ही राज गढ़ परिसर स्थित बांके बिहारी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष व मांगलिक गीतों से गुलजार हो गया। अवसर था श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का। इस मौके पर राज परिवार सहित हजारों श्रद्धालु मंदिर परिसर में उमड़े थे। बांके बिहारी की मूर्ति को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान शाम में श्रीकृष्ण की आरती की गई। जिसमें आसपास के मुहल्ले के श्रद्धालुओं समेत कई गांवों के लोग शामिल हुए। श्रीकृष्ण की गीतों से पूरा मंदिर भक्तिमय हो गया। लोगों ढोल व झाल के साथ अपनी करतल ध्वनि से समां बांध दिया। इसके अलावा श्रद्धालु पूरे दिन उपवास थे तथा मध्य रात्रि भगवान कृष्ण के जन्म व आरती के बाद ही प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत तोड़े।

# हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की...



बांके बिहारी मंदिर में राधा-कृष्ण के स्वरूप में बच्चे।



बचपन प्ले स्कूल में राधा-कृष्ण के स्वरूप में बच्चे।

## ♦ राजगढ़ के बांके बिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ मना जन्माष्टमी का पर्व, 12 बजते ही श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनियों से किया श्रीकृष्ण का जयघोष

**केटी न्यूज/डुमरांव**

राजगढ़ स्थित बांके बिहारी मंदिर में बड़े धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व मनाया गया। भगवान के जन्मोत्सव पर मंदिर को बेहतर और आकर्षण ढंग से सजाया गया था। प्रत्येक साल की तरह इस बार भी जन्माष्टमी पर हरिकीर्तन का आयोजन हुआ। रात 12 बजे भगवान के जन्म होते मंदिर व आस-पास के क्षेत्र जयघोष से गूंज उठा।

इस ऐतिहासिक राजगढ़ स्थित बांके बिहारी मंदिर में भगवान कृष्ण की कई रूपों में सजी झांकियों को देख लोग मंत्रमुग्ध हो गये। राजघराने द्वारा स्थापित इस मंदिर में झांकी की परंपरा सैकड़ो वर्ष पहले शुरू की गयी थी। जन्माष्टमी के दिन निकलने वाली झांकी की देखने के लिए दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। राज परिवार के इस अनोखी परंपरा को लेकर राजपुरोहित भी सजग रहते हैं। झांकी की तैयारी एक माह पहले शुरू हो जाती है। मंदिर परिसर के चारों और रंग बिरंगे फूलों से सजी क्यारियां खुशबू बिखेरती है। जैसे ही भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, महाआरती में मौजूद लोग श्रद्धाभक्ति से शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राजपरिवार के सदस्यों के साथ अनुमंडल प्रशासन भी मौजूद रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महिला व पुरुष पुलिस बल जवान करते रहे। इसके अलावे जन्माष्टमी का पर्व जवाहिर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में धूमधाम के साथ मनाया गया।



**चप्पे चप्पे पर मौजूद थी पुलिस :** राजगढ़ परिसर में जन्माष्टमी के मौके पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन काफी सजग था। भीड़ नियंत्रित करने के लिए तथा किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावे भी प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर कई कदम उठाए गए थे। आरती संपन्न होने के बाद जब लोग अपने घरों को लौटे, इसके बाद ही पुलिस टीम वहां से हटी।

**शाम से ही जुट गई थी भीड़ :** जन्माष्टमी को लेकर शाम से ही राजगढ़ परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। रात के आठ बजते ही पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया था। इस दौरान श्रद्धालु स्वतः स्फूर्त थे तथा भजन कीर्तन का दौर शुरू हो गया था। सभी रात 12 बजने का इंतजार कर रहे थे। महिलाओं द्वारा मांगलिक व कृष्ण भक्ति पर आधारित गीत गाए जा रहे थे, जो रात 12 बजे भगवान के जन्म होने तक जारी था। जन्मोत्सव के बाद मधुर स्वर में जारी मांगलिक गीत का दौर थम गया, इसके बाद शुरू हुआ श्रद्धालुओं के जयकारे का दौर, बांके बिहारी की जय से पूरा मंदिर परिसर गूंजने लगा था। वही, इसके बाद आरती का आयोजन किया गया।

## राधा कृष्ण के स्वरूप में दिखे नन्हें बच्चे

**डुमरांव।** जन्माष्टमी के मौके पर लोगों द्वारा न सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की गई बल्कि अपने बच्चों को बाल कृष्ण व उनकी परम अराध्य रही राधा के रूप सज्जा में सजाया गया था। बच्चे जहां बाल कृष्ण बने थे, उनके हाथों में कृष्ण की तरह मुरली तथा सर पर मोर मुकुट था तो बच्चियां राधा रानी के रूप में नजर आ रही थी।

## आकर्षण का केन्द्र बना मांगलिक गीत



**डुमरांव।** जन्माष्टमी के मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं भी बांके बिहारी मंदिर पहुंची थी। मध्य रात्रि जब घड़ी की सभी सुईयां एक सीध में हुई तो महिलाओं ने जन्मोत्सव गीत गा माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु महिलाओं द्वारा कई गीत प्रस्तुत किए गए, जो आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा बांके बिहारी व नटवर नागर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए जा रहे थे। श्रद्धालुओं के उत्साह, जयकारे व मांगलिक गीतों से राजगढ़ परिसर तथा आस पास के क्षेत्रों में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही थी। रात करीब एक बजे तक श्रद्धालु मंदिर में उमड़े रहे तथा प्रसाद लेकर ही घर लौटे।

## पंच मंदिर में आयोजित हुई विशेष आरती

डुमरांव। जन्माष्टमी के मौके पर रेलवे स्टेशन के पास स्थित पंच मंदिर स्थित राधा कृष्ण की मूर्ति को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं, मंदिर प्रबंधन द्वारा जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण के विशेष पूजन व महाआरती का आयोजन किया गया था। देर शाम से शुरू हुआ यह आयोजन मध्य रात्रि तक जारी रहा। मध्य रात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को काफी धूम धाम से मनाया गया। महिलाओं ने जहां मांगलिक गीत गाए वही पुजारी तथा श्रद्धालुओं द्वारा भव्य आरती की गई। मंदिर समिति से जुड़े मनोज दूबे, रमेश ठाकुर, अमरजीत सिंह मंटू, छोटे आदि ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरती के बाद देर तक प्रसाद वितरण किया जा रहा था। मंदिर में स्टेशन के आस पास के मोहल्लों के साथ लालगंज कड़वी, खिरौली तथा चाणक्य कॉलोनी तक से श्रद्धालु आए थे।

## धूमधाम के साथ संपन्न हुआ बाबा जंगलीनाथ शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव, उमड़े श्रद्धालु

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बाबा जंगली नाथ शिव मंदिर का वार्षिक पूजन सह मेला भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। बता दें कि भाद्रपद माह के प्रथम सोमवार को हर साल वार्षिक पूजन होता है। मंदिर को रंगीन लाइट लगाकर आकर्षण ढंग से सजाया गया था।

आचार्य पंडित विंध्याचल ओझा जी महाराज व अन्य आचार्यों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न में हुआ। मंदिर समिति द्वारा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया था। मंदिर परिसर में ध्वनि विस्तार यंत्र के साथ रोशनी की समुचित व्यवस्था की गयी थी। पहुंचने वाले श्रद्धालु मंदिर के बाहर मात्था टेक प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर के बाहर दर्जनों जलेबी व चाट सहित अन्य दुकानें लगी थी।



पूजा समिति के सदस्य डॉ सुभाष चंद्रशेखर, रमेश कुमार, बब्लू केशरी, राजू गुप्ता, राजकुमार शर्मा आदि ने बताया कि बाबा के बस नाम मात्र से भक्तों के दुखों का नाश होता है। इस दौरान महारुद्राभिषेक का भी आयोजन कराया गया। जिसमें राजपरिवार के महाराजा चंद्रविजय सिंह, युवराज शिवांग विजय सिंह, एसडीओ राकेश कुमार, राजीव रंजन सिंह सहित अन्य गणमान्य शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था का एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने जायजा लिया। उन्होंने बताया कि भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट के साथ महिला व पुरुष पुलिस बल के जवानों को लगाया गया हैं।




**मुहम्मद हुसैन की शहादत के 40वें के मौके पर ताजिया के साथ देर रात्रि केसठ में जलूस निकला**

## कौमी एकता की मिशाल: केसठ में हिन्दू एवं मुस्लिमों ने मिलकर निकाला ताजिया जुलूस

**केटी न्यूज/केसठ**

सोमवार को मुहम्मद हुसैन की शहादत के चालीसवें के मौके पर ताजिया के साथ देर रात्रि में केसठ में जुलूस निकाला गया। जुलूस नया बाजार इमामबाड़ा होते हुए केसठ ताजिया चौक पर पहुंचा। जहां चौक पर ताजिया रखा गया। क्षेत्र में कुल दो स्थानों पर चालीसवां का ताजिया निकाला गया। केसठ नया बाजार और पुराना बाजार स्थानों पर ताजिया रखा गया। इसके बाद दोनों ताजिया अपने-अपने इमामबाड़ा से करबला के लिए एक साथ ताजिया जलूस ढोल ताशा के साथ निकाला गया। जिसमे सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर नावानगर पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे।



**नहीं होता है धर्म के नाम पर भेदभाव :** ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ये ताजिया गांव की आपसी सहमति से करीब 50 वर्ष के आधिक समय से रखी जा रही है। वही जिले के वरिष्ठ पत्रकार संजय उपाध्याय ने बताया कि जिले के अन्य गांवों को छोड़ केसठ एक ऐसा गांव है जहां हिंदू मुस्लिम समुदाय एक साथ मिल कर ताजिया का पर्व मनाते है। उन्होंने कहा कि ये प्रेम जब से मैंने होश संभाला है तब से देख रहा हूं। इससे अन्य गांवों को प्रेरणा लेनी चाहिए। केसठ के हिन्दू मुस्लिम समुदाय भाईचारे का मिशाल पेश रहे है। यहां हिंदू समाज की पर्व हो या मुस्लिम समुदाय की पर्व हो दोनों समुदाय मिल कर शांति पूर्ण तरीके से मनाते है।

**केसठ में आयोजित बना बनैठी खेल में जामसोना विजयी :** प्रखंड के स्थानीय बजार में सोमवार को चेहल्लुम के मौके पर (पैंतरेबाजी) बाना बनैठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन हुसैनी कमेटी केसठ के तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसमें पीरो व जमसोना की टीम के बीच खेला गया। खेल प्रतियोगिता की शुरूआत कुरान की तिलावत के साथ किया गया। प्रतियोगिता में गदका, तलवारबाजी, बनैठी, बाना, लाठी सहित कई तरह के खेल-करतब दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीणों ने खेल का खूब आनंद उठाया। खेल प्रतियोगिता करीब दोपहर 11 बजे से शुरू हुई और शाम करीब 6 बजे तक चला। जिसमें जमसोना की टीम को गदका, तलवारबाजी सहित अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। निर्णायक मंडली ने इस टीम को विजयी घोषित किया। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन राजद के वरिष्ठ नेता सुनिल कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने किया। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार, बीडीसी असलम हुसैन आदि शामिल रहे।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ महिला की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर सोमवार की सुबह ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतका पीरो थाना क्षेत्र के जमुआवं गांव निवासी चंद्र मोहन शर्मा की 45 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी है। इधर मृतका के भतीजे चंदन कुमार ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ पीरो स्टेशन से ट्रेन पर सवार होकर अपना दवा लेने के लिए पटना जा रही थी। जाने के क्रम में वह आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर ट्रेन से पानी लेने के लिए उतरी थी। तभी ट्रेन खुला गया। इसके बाद वह ट्रेन पर चढ़ने लगी। उसी दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उनके साथ रहे लड़के द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें और परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्री प्रियंका देवी, नेहा देवी व दो पुत्र राहुल एवं रमेश है।

### चोरी की योजना बनाते अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** अपराधियों के द्वारा फ्लिपकार्ट ऑफिस मेथवालिया में एक सुनियोजित तरीके से लूटपाट एवं डकैती को अंजाम देने हेतु रेकी किया जा रहा था। इसी क्रम में गरखा थाना के सुझबुझ व सक्रिय पुलिसिंग से अपराधियों को पकड़ा गया। जिनसे पूछ-ताछ के क्रम में फ्लिपकार्ट ऑफिस मेथवालिया में डकैती करने हेतु योजना बनाने की बात बताई गई।इस सन्दर्भ में वरीय पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार त्वरित एक टीम का गठन कर घटना में संलिप्त अन्य सहयोगियों एवं घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त होने वाले आग्नेयास्त्र, चाकू एवं मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया।

रोहतास जिले के चुटिया के पडरिया छउर व नैना नदी के बीच मोड़ हुआ हादसा

# बाइक से खाद लेने निकले दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

- दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत, जबकि दूसरे की इलाज के दौरान गई जान
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- पुलिस ने जब्त किया मैजिक, चालक के विरूद्ध शुरू की कार्रवाई



**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास के सासाराम में तेज रफ्तार मैजिक वैन ने बाइक सवार दो किसानों को रौंद डाला, जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों बाइक पर सवार होकर खाद खरीदने के लिए बाजार जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना चुटिया (रोहतास) थाना क्षेत्र चुटिया के पडरिया छउर व नैना नदी के बीच मोड़ के पास हुई। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार को अपने जारदाग गांव से 28 वर्षीय विजय चेरो व 27 वर्षीय अंतु चेरो खाद लेने के लिए घर से निकले थे। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के पड़रिया मोड़ पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। जिस घटना में दोनों बाइक से गिर सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों के सिर पर गहरी चोट आई थी। तेजी से खून बह रहा था। सड़क पर दोनों कुछ देर तक छटपटा रहे थे। लेकिन, तत्काल किसी ने मदद नहीं की। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और नजदीक के अस्पताल में ले गई। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण विजय चेरो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अंतू चेरो को हालत गंभीर बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल रेफर कर दिया। ताकि अच्छे अस्पताल में उसका इलाज हो सके। उसकी जान बच जाए। परंतु होनी को कुछ और ही मंजूर था। अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही बीच रास्ते में अंतू ने दम तोड़ दिया। दोनों की मौत के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर दोनों का पोस्टमार्टम कराया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। वही घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ। जबकि मृतक का पूरा परिवार सदमे में डूबा है। मृतक के परिवार की सदस्य किरन देवी का कहना है कि दोनों यह कहकर निकले थे कि जल्द ही खाद लेकर आये रहे है। ताकि खेत में खाद में डालेंगे। परंतु यह क्या पता था कि ईश्वर यह दिन दिखा देंगे। दूसरी स्थानीय पुलिस आरोपी वाहन को जब्त करते हुए थानें लेकर आयी है। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन नंबर के आधार पर मालिक की खोज की जा रही है। इसके बाद चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं की जाएगी। दोषी को सजा मिलेगी।

## बेलगाम ट्रक में सड़क किनारे खड़े छात्र को रौंदा,मौत

**आरा।** आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के गीधा ओवर ब्रिज पर सोमवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने सड़क किनारे खड़े एक छात्र को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल मोहल्ला वार्ड नंबर 26 निवासी मो. इम्तियाज का 17 वर्षीय पुत्र मो.इरशाद है एवं वह दसवीं कक्षा का छात्र था। इधर मृतक के पिता मो.इम्तियाज ने बताया कि वह अपनी चचेरी बहन से मिलने के लिए उसके ससुराल कोईलवर जा रहा था। जाने कारण में वह धरारा से ऑटो सवार होकर गीधा ओवर ब्रिज पर उतरा। उसके बाद वह ऑटो से उतरकर वही सड़क किनारे खड़ा होकर दूसरी गाड़ी का इंतजार कर रहा था।तभी विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों इसकी सूचना उसके परिजन एवं गीधा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

## यादव सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**केटी न्यूज/छपरा**

इरकी पेट्रोल पंप स्थित एक मैरेज हॉल में सोमवार को यादव सेवा समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद सुधाकर ने की। वही समारोह का विधिवत संचालन शिक्षक राजेश कुमार ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यादव सेवा समिति के उपाध्यक्ष ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने पाप के खात्मे के लिए अवतार लिया और दुष्टों का नाश किया। भगवान कृष्ण और उनका जीवन दर्शन अन्याय के खिलाफ लड़ने और आपसी प्रेम सौहार्द के साथ रहने को प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि आपसी बैर और कड़वाहट भुलाकर भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र को जीवन में आत्मसात करें। साथ ही व्यक्तिगत जीवन में हमेशा सहज व सरल बने रहे। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने जहां तक हो सका मित्रता, सहयोग सामंजस्य आदि के बल पर ही परिस्थितियों को सुधारने का प्रयास किया, लेकिन जहां जरूरत पड़ी वहां सुदर्शन चक्र उठाने में भी उन्होंने संकोच नहीं किया। वहीं अपने निर्धन सखा सुदामा का अंत तक साथ निभाया और उनके चरण तक पखारें। उन्होंने श्रीकृष्ण के उपदेशों का आत्मसात करने पर बल दिया। इस मौके पर संरक्षक विजय मंडल, आलोक कुमार, सचिन गनौरी यादव, कोषाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राजद नेता परमहंस राय, सुरेश यादव, रमेश यादव, मनोज यादव, डॉ शशि रंजन उर्फ पप्पू यादव, मीरा कुमारी, राजनाथ प्रसाद, प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद, बृजेंद्र, सुमन यादव, नागेंद्र यादव, बृजेश कुमार, जितेंद्र दिवाकर, सत्येंद्र यादव, शिक्षक रवीश कुमार, नीरज कुमार, राजीव कुमार, धीरेंद्र कुमार, शिक्षक उपेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।




## आत्मा ने प्रशिक्षण के लिए 56 किसान को अयोध्या किया रवाना

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

आत्मा जहानाबाद ने राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण मद् के अंतर्गत जहानाबाद जिला के 56 किसानों को श्रीअन्न (मोटे अनाज फसलों) की वैज्ञानिक खेती, उसके उत्पाद, प्रसंस्करण एवं विपणन विषय पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, उत्तर प्रदेश वाहन-बस से भेजा है। किसानों के दल का नेतृत्व सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रखंड हुलासगंज सुमंत कुमार दिवाकर एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रखंड रतनी फरीदपुर आदित्य प्रकाश के द्वारा किया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आत्मा संभावना के द्वारा किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उप परियोजना निदेशक आत्मा राकेश कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच दिवसीय दिनांक 27 अगस्त से 31 अगस्त 2024 तक निर्धारित है। इसमें किसानों को पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही इसमें मिलेट्स से बनने वाले उत्पाद, उसके प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।




## एक नजर

### परिवारवाद को समझ चुके बिहारवासी : मुन्ना



**छपरा।** जनसुराज के छपरा कार्यालय में मुसलमानों की राजनीति में हिस्सेदारी को लेकर प्रशांत किशोर के साथ एक सितंबर को होने वाले संवाद की तैयारी के सम्बंध में बैठक की गई। यह संवाद कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में प्रस्तावित है जहाँ बिहार के सभी जिलों के लोग पहुंचेगे।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी अफाक अहमद एवं पूर्व मंत्री मोनाजिर हसन उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता कलामुद्दीन खां तथा मंच का संचालन खुर्शीद नैयर ने किया।मुन्ना भवानी ने कहा कि मुस्लिम समाज अब यह समझ गये है कि उन्हें परिवारवादी पार्टी में न तो उचित सम्मान मिलने वाला है,न ही उनकी सरकार में कभी भागीदारी मिली और ना ही उनके समाज के लोगों को शिक्षित बनाया गया। परिवारवादी पार्टियों ने केवल अपने परिवार के लोगों को मजबूत किया और मुस्लिम भाइयों को उनके अनुपात में टिकट नहीं दिया। यही कारण है कि आज बिहार विधानसभा में मुस्लिम विधायकों की संख्या पहले की तुलना में काफी कम हो गयी है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बच्चा राय,मुन्ना भवानी,अशोक सिंह,रामपुकार मेहता,एकराम खां, समीम साहब,आदिल साहब,नीरज तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अनियंत्रित कार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**छपरा।** बनियापुर थाना अंतर्गत पुछरी गांव में अनियंत्रित कार ने एक वृद्ध को रौंद दिया। जिसके कारण उसकी मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई।मृत वृद्ध की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदनसाठ गांव निवासी रहमान मियां के 74 वर्षीय पुत्र बंगाली मियां के रूप में की गई।इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह बीते दिन बनियापुर थाना अंतर्गत पुछरी गांव अपनी बेटी के यहां गए थे, जहां संध्या पहर लौटने के दौरान किसी अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में लिया, जिसके बाद गंभीर स्थिति में उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर चिकित्सा के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।जिसके बाद सदर अस्पताल में मौजूद भगवान बाजार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा, जहां शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### शराब तस्कर को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

**छपरा।** जिले के जलालपुर थाना अंतर्गत कोठेया गांव में शराब कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव करना शुरू कर दिया।जिसके बाद देखते ही देखते पुलिस और ग्रामीणों के बीच जमकर झड़प हो गई।इस झड़प में जलालपुर थानाध्यक्ष समेत कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये।तब थानाध्यक्ष द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल को बुलाया गया और हंगामा कर रहे लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। वहीं पुलिस की कार्रवाई में दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जहां उनका उपचार छपरा सदर अस्पताल में चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार जलालपुर थाना क्षेत्र के कोठिया गांव में पुलिस शराब माफिया राजा बाबू को गिरफ्तार करने गई थी।

### एडमिशन का नोटिफिकेशन आज होगा जारी

**छपरा।** जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के अंतर्गत सीवान, छपरा और गोपालगंज के डिग्री कॉलेज आते हैं। इनमें 28 अगस्त को स्पॉट एडमिशन लिया जायेगा। इसको लेकर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने निर्देश दिया है। यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर राणा विक्रम ने नोटिफिकेशन जारी किया है।




# बच्चों ने कृष्ण राधिका, राधा गोपी नृत्य, कृष्ण सुदामा नाटक और मटकी फोड़ कार्यक्रम किया प्रस्तुत

- बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा की सुंदर झांकियां निकाली
- त्योहार बच्चों में नई ऊर्जा प्रदान करती है, इससे हमें सीख लेनी चाहिए : सूरज मौर्य

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

मां शारदा चिल्ड्रेन कॉलेज जलालाबाद प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों ने कृष्ण राधिका, राधा गोपी नृत्य, कृष्ण सुदामा नाटक और मटकी फोड़ कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक रहा। इस मौके



पर प्रबंधक सूरज मौर्य ने बताया कि त्यौहार बच्चों में नई ऊर्जा प्रदान करती है और इससे हमें सीख लेना चाहिए उन्होंने बताया की नन्हे बच्चे कृष्ण व राधा की पोशाकें पहन कर स्कूल पहुंचे। बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा की सुन्दर झांकियां निकाली। पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने सुंदर-सुंदर बांसुरियां बनाई। पांचवीं कक्षा के बच्चों ने श्री कृष्ण के जीवन से संबधित बहुत सुंदर नृत्य करके माहौल कृष्यमय कर दिया। बच्चों ने दही हांडी का भी सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए हांडी फोड़ी। सूरज मौर्य ने कहा कि ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्याचार से जोड़कर भी रखते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य रामप्रताप मौर्य, अशोक यादव रामजी यादव श्वेता सैनी पूनम सिंह एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।



## एक नजर

### गाजीपुर जनपद की सात बस्तियों के सैकड़ों घरों की बत्ती गुल, विभाग में अफरा-तफरी

**गाजीपुर।** रेवतीपुर 33/11 विद्युत उपकेंद्र के कंट्रोल रूम में स्थित बारा फीडर में बीते रविवार की देर रात को अचानक तकनीकी खराबी आ गई।



इसके चलते क्षेत्र के सात बस्तियों के सैकड़ों घरों की बत्ती गुल हो गई। इससे विद्युत विभाग में अफरा-तफरी मच गई। उधर विद्युत कर्मियों ने ट्राली में आई खराबी को दूर करने के लिए काफी प्रयास किया। मगर उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद तैनात कर्मियों ने इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। उधर बारा फीडर से विद्युत आपूर्ति बंद होने से बस्ती के लोगों को इस उमस भरे मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपूर्ति के बंद होने से दर्जनों निजी, सरकारी नलकूप, पानी टंकी, छोटे- छोटे उद्योग धंधे, सहज जनसेवा केंद्र आदि बंद पड़े हुए हैं। इससे ग्रामीणों को विभिन्न तरह की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। मालूम हो कि इस विद्युत स्टेशन में आपूर्ति के लिए लगी ट्रालियां, पैनल, तार, पोल आदि काफी पुराने हो चुके हैं। बारा फीडर के ट्राली में आई तकनीकी खराबी के चलते इलाके के दयाराम,भीष्मदेव, बहोरिक राय, तेजमल राय, शुक्ल बस्ती, चंदन पांडेय, बलुआ टोला आदि बस्तियों के घरों में बत्ती गुल होने से सभी तरह इलेक्ट्रॉनिक समान शो पीस बने हुए हैं। आए दिन ट्रिपिंग, लो वोल्टेज, शार्ट -सर्किट, तार का टूटना आदि इस तरह की अन्य समस्याएं आए दिन होती रहती है। जिससे कि इन इलाकों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था काफी लचर रहती है। इस कारण सबसे ज्यादा परेशानी किसानों, छात्रों के साथ ही अन्य लोगों को भी होती है। अवर अभियंता दीपक दूबे ने बताया कि ट्राली में तकनीकी खराबी आने की सूचना मिली है। इस कारण आपूर्ति बंद है, बताया कि मरम्मत का काम चल रहा है। मरम्मत पूरा होते ही बस्तियों की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## खबरें फटाफट

### गाजीपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**गाजीपुर।** जिले के हरदासपुर कला गांव निवासी श्रवण शर्मा



का सबसे बड़ा पुत्र संदीप विश्वकर्मा -35 की मौत की सूचना 18 अगस्त की रात में मृतक के फुआ के घर बहरियाबाद थाना क्षेत्र के भाला खुर्द गांव से फुआ के परिजनों ने रात दो बजे बीमारी, फिर मौत की सूचना दिए। आनन-फानन में शव को गांव हरदासपुर कला ले आए। शव देखकर लोग हक्का-बक्का हो गए। संदीप विश्वकर्मा का शव गला से लेकर सीने तक नीला पड़ गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे जहर देकर हत्या की गई हो क्योंकि धमकी देने व पैसा लेन देन का झगड़ा के आरोपी भी साथ थे और रात में झगड़ा भी हुआ। मौत के सूचना मिलते ही मृतक के छोटा भाई नंदलाल विश्वकर्मा विदेश से घर आया और अपने ही रिश्तेदारों के कई लोगों के नामजद तहरीर दिया। दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि परिजनों कों मौत की आशंका थी उसको लेकर पोस्टमार्टम के लिए आवेदन दिया था। जिसमें 20अगस्त को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था पोस्टमार्टम में स्पष्ट रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। उसका विसरा लखनऊ भेजा गया है। मृतक की पत्नी रेनू और उसके दो लड़के और एक लड़कियां है, जो घर पर ही रहकर अपने बच्चों का पालन -पोषण करती है। मृतक की पत्नी रेनू देवी ने बताया कि फुआ के घर पर किसी महिला से नाजायज संबंध थे जब भी मुंबई से आते तो वहीं जाते थे पैसा भी देते थे। वहां पर हमारे और हमारे ससुर का कोई रिश्ता आना जाना नहीं था। मेरे पति का साजिश के साथ हत्या की गई है। 22 अगस्त को एसपी को आवेदन भी दिया। एसपी साहब ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट हो पाएगा और अगर दोषी होगा तो कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मना, परिषद के गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री बोले...

# अब भी हिंदू नहीं चेता तो आने वाला समय बहुत ही भयावह होने वाला है




- विश्व हिंदू परिषद हिंदू हितों की रक्षा हेतु पिछले 60 वर्षों से लड़ाई लड़ रहा है : राजेश

**केटी न्यूज / मऊ**

नगर प्रसिद्ध सीतला माता धाम के सभागार विश्व हिंदू परिषद के 60 वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री राजेश जी अध्यक्षता व जिलाध्यक्ष पारसमणि सिंह के नेतृत्व में एक बड़ी बैठक आहूत की गई। प्रांतीय संगठन मंत्री को जिलाध्यक्ष पारसमणि सिंह दीपू ने अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए राजेश जी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद हिंदू हितों की रक्षा हेतु पिछले 60 वर्षों से लड़ाई लड़ रहा है। बताया कि पिछले 5 वर्षों में हमारे संगठन ने 7 लाख गोवंशों को बचाया है। साथ ही लव जिहाद में फंसी 80 हजार बालिकाओं व महिलाओं को मुक्त करने का काम किया है। कहा कि हिंदू समाज आज बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है अगर अब भी हिंदू नहीं चेता तो आने वाला समय बहुत ही भयावह होने वाला है। हमारे देवी देवताओं व महापुरुषों को लेकर बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार चल रहा है और उनके बारे में अपमानजनक बातें कही जा रही है फिर भी हम मौन है। ऐसे समय में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम हिंदू समाज को जगाए रखें।

प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश जी ने संगठन का विस्तार करते हुए विकास सिंह निकुम्भ को प्रचार एवं मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी व हिमांशु सोनकर को नगर संयोजक बजरंग दल साथ ही मधु पांडेय को सेवा प्रमुख की जिम्मेदारी मिली। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष पारसमणी सिंह दीपू ने किया। कार्यक्रम में शीतला माता मंदिर के प्रमुख पुजारी दीपक महाराज, सुजीत सिंह, रामकृष्ण भारद्वाज, अंकित बरनवाल प्रवीण गुप्ता चंदन शर्मा हिमांशु जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में सगठन के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## पूर्वांचल साहू समाज का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

**गाजीपुर।** रमवल गांव में सोमवार को पूर्वांचल साहू समाज का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्वांचल साहू समाज समिति के प्रदेश अध्यक्ष ओंमप्रकाश साहू ने किया। आयोजित इस सम्मेलन में साहू समाज के संगठन की मजबूती और उसके विस्तार पर पर चर्चा किया गया। इस दौरान बोलते हुए मुख्य अतिथि ने आह्वान किया कि समाज को संगठित होकर समाज के उत्थान, सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक विकास पर जोर देना होगा। कहा कि इसके लिए सबको संगठित होकर सामाजिक बुराइयों को त्याग करना होगा तभी समाज का विकास सम्भव है। कहा कि यह सम्मेलन गाँव- गाँव चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर लोगों का सहयोग ही साहू समाज का मकसद है। कहा कि कमजोर संगठनों की आवाज हमेशा निष्प्रभावी रहती है। इसलिए साहू समाज को मजबूत बनाने और उसकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठित तरीके से प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साहू समाज का किसी भी कीमत पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कहा कि हमारा मकसद भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बढाने के साथ ही उसे मजबूती देना है।कहा कि साहू समाज का इतिहास हमेशा से गौरवशाली रहा है,कहा कि देश को आजाद करा?ने में साहू समाज ने काफी योगदान दिया है।वहीं साहू समाज की नेत्री माया साहू ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते हुए साहू गांधी समाज की सुरक्षा संरक्षा व विकास के लिए सतत संघर्ष कर रहा है। उन्होंने साहू समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे अपनी एकजुटता के साथ अपने परिवार को शिक्षित बनाएं।

## भाजपा सदस्यता अभियान -8800002024 पर मिस्ड कॉल कर प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाए जाएंगे



**केटी न्यूज / गाजीपुर**

भाजपा सदस्यता अभियान -2024 की सभी 34 मंडलों की कार्यशाला जिले के प्रत्येक मंडलों में मंडल अध्यक्षों की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गाजीपुर नगर मंडल व करंडा मंडल की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता व उमेश चंद्र दुबे की अध्यक्षता में टैक्सी स्टैंड, नगर कार्यालय तथा ब्रह्म श्री लाला बाबा आश्रम, ब्राह्मणपुरा मे संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता प्रधान दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। जो संगठन संविधान मे निहित व्यस्था आधारित विषयों पर देश व समाज की एकता, अखंडता, विकास और सम्मान के लिए लगातार समर्पित रूप से काम करती है। उन्होंने कहा कि 8800002024 पर मिस्ड काल कर प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाए जाएंगे। कार्यशाला में साधना राय, रासबिहारी राय, जयसूर्य भट्ट समरेन्द्र सिंह, अमरनाथ तिवारी, अभिनव सिंह छोटू आदि व करंडा मे पूर्व विधायक डॉ राजकुमार सिंह गौतम, नीतीश कुमार दुबे,उमेश चंद्र सिंह, रामनिवास गुप्ता, हर्ष सिंह, अमित सिंह, शशिकांत गिरी, कमला गिरी, सुधांशु दुबे एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सदर पश्चिमी मंडल की कार्यशाला अध्यक्ष गोपाल राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर हुई। जिसमें जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मनोज बिंद,अशोक पांडेय, मुरली कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## उप जिलाधिकारी ने राहत किट का किया वितरण

**मऊ।** जनपद के सर्वाधिक बाढ़ ग्रस्त ग्राम पंचायत चक्की मूसा दोही में उप जिलाधिकारी मधुबन एवं तहसीलदार मधुबन सहित राजस्व विभाग की टीम ने राहत कीटों का वितरण किया। इसके अलावा तहसील घोसी के ग्राम पंचायत पटनाई बुजुर्ग, खुर्द, ताहीरपुर, बीबीपुर, कुरौली एवं दोहरीघाट का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी ने संबंधित लोगों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने बाढ़ चौकिया को अलर्ट मोड पर रखने के साथ ही बाढ़ ग्रस्त गांव का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।ग्राम पंचायत चक्की मूसा दोही में आज उप जिलाधिकारी मधुबन अखिलेश एवं तहसीलदार शैलेंद्र जी ने राहत किटों का वितरण किया। जिससे बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत मिल सके। जिला प्रशासन बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

# फिराक साहब की शायरी से आज भी पूरी दुनिया महक रही : मुक्तेश्वर प्रसाद

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में स्वाधीनता आंदोलन के योद्धा, मजबूत सेनानी एवं उर्दू की दुनिया के अजीम शायर रघुपति सहाय फिराक गोरखपुरी की जयंती के पूर्व उनकी स्मृति में देर शाम अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलकर देश की आजादी की रक्षा करने का संकल्प लिया।

इस गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि फिराक गोरखपुरी केवल विख्यात शायर ही नहीं, बल्कि वह आजादी की लड़ाई के महान योद्धा थे। उनके अंदर देशभक्ति की भावना कूट- कूट कर भरी थी। उनके अंदर देश को आजाद कराने का जुनून इस कदर था कि वह



डिप्टी कलेक्टर के पद को ठुकराकर गांधी के आह्वान पर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े जिसकी वजह से उन्हें डेढ़ साल की जेल की सजा भी हुई। यही देशभक्ति की भावना उनके साहित्य में भी दृष्टिगोचर होती है। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से भारतीय समाज को जागृत करने का भी काम किया। इस गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता महासभा के प्रदेश सचिव मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने उन्हें एक युग निमार्ता शायर और समालोचक बताया। उन्होंने कहा कि वह एक सच्चे भारतीय थे और उतने ही स्वाभिमानी। नेहरू जी उनके अजीज मित्र थे। वह इंदिरा गांधी को बेटी कहकर बुलाते थे। आर्थिक तंगी होने के बावजूद भी उन्होंने नेहरू जी जैसे मित्रों से मदद न लेकर अपने मकान को बेचकर अपने पिताजी द्वारा छोड़े गए कर्ज, अपने छोटे भाइयों को तालीम और बहनों की शादियों के अलावा अपनी और जरूरतों को पूरा किया। आज पूरा देश उन्हें बहुत ही शिद्दत के साथ याद कर रहा है। फिराक साहब की शायरी में जो प्रतिध्वनियां और गूंज हमें सुनाई देती है। उनमें एक अद्वितीय सुहावनापन है,भारत के धरती की सुगंध हैं और भारतीय संस्कृति का मातृत्व स्पर्श है।आज भी उनकी शायरी से पूरी दुनिया महक रही है। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विचार गोष्ठी के उपरांत काव्य गोष्ठी में अपनी रचनाओं के माध्यम से देश में लगातार बढ़ रही धार्मिक कट्टरता, बदलती इंसानी फितरत और समाज की कुरीतियों और कुप्रथाओं तथा राजनीतिज्ञों, नौकरशाहों के गिरती नैतिकता पर तंज कसते हुए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भी फिराक साहब को नमन किया। देश में बढ़ रहे धार्मिक कट्टरता एवं सम्प्रदायिकता पर कटाक्ष किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से परमानन्द श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव,अमर सिंह राठौर, गौरव श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, प्रियांशु, आर्यन, हर्ष आदि उपस्थित थे। इस गोष्ठी की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं संचालन जिला महामंत्री अरूण सहाय ने किया।












# श्रद्धालु हो या स्थानीय निवासी, सबको सुविधा, सबकी सुरक्षा, सबका सम्मान सुनिश्चित करेगी सरकारः सीएम

- दो दिवसीय मथुरा दौरे पर सीएम ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा, जारी परियोजनाओं की प्रगति का भी किया आंकलन

**केटी न्यूज/ मथुरा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं-पर्यटकों से जुड़ी सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पूरे ब्रजमण्डल में कोई स्थानीय निवासी हो अथवा पर्यटक व श्रद्धालु, हर किसी की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। हर किसी की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए, इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। परिक्रमा मार्गों एवं हाईवे पर सुरक्षा बढ़ाई जाए। बाइक एवं पीआरवी की गश्त बढ़ाई जाए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दो दिवसीय मथुरा दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में श्रद्धालुओं व अन्य पर्यटकों की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने पूरे नगर निगम क्षेत्र को यथाशीघ्र 'सेफ सिटी' के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, संवेदनशील, भीड़भाड़ वाली जगहों पर लगातार पुलिस की उपस्थिति बनी रहनी



चाहिए। ब्रज क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे ब्रज क्षेत्र कहीं भी टूटी हुई अथवा गड्ढे वाली सड़कें न हों। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि कहीं ऐसा हो तो तत्काल उसकी मरम्मत करा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन अथवा अमृत योजना के अंतर्गत जारी कार्यों से जहां कहीं भी सड़क खराब हुई है, यथाशीघ्र उसकी मरम्मत कराई जाए। परिक्रमा मार्ग की स्वच्छता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने इससे जुड़े मार्गों की मरम्मत के भी निर्देश दिए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के लिए मोहल्ला समितियों जैसी जनसहभागिता को उपयोगी बताया, साथ ही मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में स्वच्छता के लिए अतिरिक्त मैनपॉवर की तैनाती तथा कूड़ा प्रबन्धन के लिए प्रयागराज कुंभ की तर्ज पर बेहतर प्रयासों करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मथुरा में स्ट्रीट लाइट एवं डेकोरेशन बेहतर होना चाहिए। प्रमुख मार्गों एवं स्थलों पर सोलर पैनल युक्त स्ट्रीट लाइटिंग व्यवस्था करे। ठेला, रेहड़ी पटरी व्यवसायियों को व्यवस्थित किया जाए, वेंडिंग जोन बनाए जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पाइप्ड पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। ब्रज तीर्थ विकास परिषद, नगर निगम, पुलिस एवं विकास प्राधिकरण पार्किंग बढ़ाने के लिए प्रयास करे। अधिकाधिक मल्टीलेवल पार्किंग बनाए। पार्किंग में कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाए, जिसमें दुकानें बनाएं। लोगों से संवाद करे और उन्हें दुकानें आवंटित करें, इससे आय भी होगी और ट्रैफिक की समस्या से भी निदान मिलेगा।

## एक नजर

### नशीला पदार्थ पिलाकर दो युवकों ने महिला के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ रेप करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमे पीड़िता ने गांव के ही दो लोगो पर रेप करने का पुलिस को शिकायत पत्र दी है। महिला रविवार को अपने घर से थोड़ी दूर कजरी कार्यक्रम में सम्मिलित होने गयी थी।वहां से लौटते वक्त गांव के दो लोग महिला को रास्ते में अकेला पाकर सुनसान जगह पर घटना को अंजाम दिया है। महिला ने आरोप लगाया है,कि गांव के विनोद यादव, व विकास पटेल ने मेरे साथ दुष्कर्म कर इस घटना को छुपाने की धमकी दी थी । महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को दी, तब परिजन सोमवार को पुलिस के पास महिला को लेकर आए और लिखित शिकायत पत्र दिए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दोनो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है तथा जांच पड़ताल में जुट गई है। उमाशंकर सिंह ने बताया कि थाना बरसठी पर पीड़िता द्वारा बताया गया कि कजरी का कार्यक्रम देख कर रात 11 बजे घर वापस जा रही थी कि रास्ते में दो लोगो विनोद यादव व विकाश पटेल द्वारा कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया व गलत काम किया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर, दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### प्रधानमंत्री के वर्चुअल उपस्थिति में लखपति दीदी एवं लखपति सीआरपी का हुआ सम्मान समारोह

**जौनपुर।** रविवार को जलगाँव महाराष्ट्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उपस्थिति में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत लखपति दीदी एवं लखपति सी0आर0पी0 का सम्मान समारोह जनपद स्तर, विकास खण्ड स्तर व क्लस्टर स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें जनपद स्तर पर 125 से 150, प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर 100 से 150 व जनपद के 84 क्लस्टर में प्रत्येक क्लस्टर में 80 से 100 इस प्रकार जनपद में लगभग 12000 लखपति दीदी, लखपति सी0आर0पी0 व समूह के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागी महिलाओं व अन्य द्वारा प्रधानमंत्री जी के जलगाँव महाराष्ट्र से लखपति दीदी एवं लखपति सी0आर0पी0 के सम्बोधन का लाइव प्रसारण देखा और सुना। जनपद, विकास खण्ड व क्लस्टर स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में आजीविका मिशन के समूह की कुल 6342 लखपति दीदी व 789 लखपति सी0आर0पी0 महिलाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त रोजगार ओम प्रकाश यादव द्वारा 105 लखपति दीदी/ लखपति सी0आर0पी0 को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबन्धक,शोभी गौर, गुलाब चन्द सरोज व राजीव कौशल, शिव कुमार मौर्य, ब्लाक मिशन प्रबन्धक व इस्तेखार अहमद कार्यालय सहायक उपस्थित रहे।

### दुलहीपुर जाफरी स्ट्रीट से निकला चेहलुम का जुलूस



**चंदौली।** इमामबाड़ा हकीम साहब से इमाम हुसैन के चेहलुम का जुलूस उठाया गया। जुलूस उठने से पहले मौलाना सफी अब्बास ने मजलिस पढ़ी और इमाम हुसैन और उनके खानदान के लोगों पर हुई सख्तियों का बयान किया जिसे सुनकर लोग रोने लगे। जुलूस यहां से आगा नजफ अली साहब के इमामबाड़े पहुंचा यहां मजलिस हुई। मजलिस के बाद जुलूस अपने पुराने रास्तों साहुपुरी रोड, जीटी रोड, होते हुए देर शाम। कर्बला दुलहीपुर में समाप्त हुआ। राहिब जाफरी, उरूज हैदर, आसिफ जाफरी, काशिब जाफरी, इस मौके पर प्रशासन रही मुस्तैद इंस्पेक्टर चंद्रकेश शर्मा, यस.एस.आई नसीबुद्दीन,चौकी प्रभारी मोहम्मद अरशद, पी.एस.सी,व महिला फोर्स में हेड कास्टेबल निर्मला मौर्य, कास्टेबल रिशु यादव,नीलम सिंह,पूनम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### जिलाधिकारी की पत्नी की अध्यक्षता में आकांक्षा समिति का गठन

**मऊ।** आकांक्षा समिति की पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी की पत्नी प्रीति मिश्रा की अध्यक्षता में



आकांक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी आवास पर संपन्न हुई। इस समिति की पदेन उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक की पत्नी होती है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी की पत्नी अंजलि को कन्वेयर तथा परियोजना निदेशक की पत्नी संगीता त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। आकांक्षा समिति की बैठक के दौरान स्कूलों आदि में अध्यनरत छात्राओं को उनके स्वास्थ्य, सफाई तथा बेहतर शिक्षा हेतु जागरूक करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। बच्चियों के जीवन को बेहतर बनाने हेतु अन्य आवश्यक कार्य भी करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। इस समिति के सदस्य के रूप में जनपद स्तरीय अधिकारियों की पत्नियों सम्मिलित होती है,जिन्हें प्रतिमाह ?1000 समिति के खाता में जमा करने होंगे। यह समिति बच्चियों के उत्थान के साथ ही समाज में प्रचलित अन्य कुरीतियों के खिलाफ भी कार्य करेगी। बैठक के दौरान अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा के अलावा अंजलि, संगीता त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी की पत्नी दिशा त्रिपाठी तथा जिला सूचना अधिकारी की पत्नी समीरा सिंह उपस्थित रही।समिति की अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने अगली बैठक में अन्य सदस्यों के भी प्रतिभागी करने को कहा, जिससे यह समिति प्रभावशाली ढंग से कार्य कर सके तथा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में सफल हो सके।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाल गोपाल और राधा के अनुपम रूप ने सबका मन मोह लिया।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का किया अनावरण

# बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे: योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा-राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता
- आमजन से बोले योगी: बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए

**केटी न्यूज /आगरा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का सोमवार को अनावरण किया। इसके बादे मुख्यमंत्री ने ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। राष्ट्र तभी मजबूते होगा, जब हम सब एक होंगे। बंटेंगे तो कटेंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे- नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे।

#### राष्ट्र वीरों को सम्मान दे रही सरकार

सीएम योगी ने राधे- राधे कहकर जनसभा में लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर को नमन करते हुए मौजूद लोगों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि लगता है कि यह मूर्ति 10 साल से मेरा इंतजार कर रही थी। मेरे ऊपर उनकी कृपा आ गई। मुझे यहां आने का अवसर भी तब मिला, जब कृष्ण कन्हैया का जन्म हो रहा है। हम राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की आगरा में भव्य प्रतिमा के अनावरण के कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की प्रतिमा का अनावरण ऐसे समय में कर रहे हैं, जब हम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में दर्ज काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। देश की आजादी में 9 अगस्त 1925 में लखनऊ में पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने ट्रेन एक्शन की घटना को अंजाम देकर उस समय अंग्रेज हुकूमत को चुनौती दी थी। उस समय ट्रेन एक्शन में क्रांतिकारियों में 4600 रुपए मिले थे, लेकिन क्रांतिकारियों को गिरफ्तार करने और सजा दिलाने में अंग्रेजों ने 10 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन तब भी भारत की आजादी की लड़ाई कमजोर नही पड़ी। विदेशी हुकूमत की चूलों को हिलाने के लिए भारत माता के इन महान सपूतों ने लगातार कार्य किया। उन्हें सम्मान देने, उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने और उनका स्मरण करने के लिऐ काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष के बहाने भारत के सभी राष्ट्र नायकों, राष्ट्रवीरों को सम्मान दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि हम इतिहास जानते हैं। औरंगजेब का इस आगरा से भी कुछ संबंध था। इसी आगरा में हिंदवी पद बादशाही के महानायक छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगजेब की सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि तुम चूहे की तरह तड़पते रह जाओगे, लेकिन तुझे हिंदुस्तान पर कब्जा नहीं करने देंगे। राजस्थान में महाराजा जसवंत सिंह इस मोर्चे को संभाल रहे थे। महाराजा जसवंत सिंह के महत्वपूर्ण सेनापति राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर जी थे। औरंगजेब ने कई बार कोशिश की, लेकिन कब्जा नहीं कर पाया। क्योंकि जहां राष्ट्रवादी राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर जैसे वीर हों, वहां कैसे कोई विदेशी आक्रांता कब्जा कर सकता है। यही हुआ भी, लेकिन औरंगजेब दुष्ट था, चालबाज था। उसने एक चाल चली। महाराजा दशरथ सिंह से संधि कर ली। उसने कहा कि हम जोधपुर रियासत में कुछ नहीं करेंगे, लेकिन आप हमारा सहयोग कीजिए। उसने लालच दिया और कहा कि अफगानी हिंदुस्तान पर कब्जा होने जा रहा है। आपको मोर्चा संभालना पड़ेगा। वो धोखे से ले गया और उनकी हत्या कर दी।



#### क्रांतिकारियों ने कमजोर नहीं होने दी आजादी की लड़ाई

सीएम योगी ने कहा कि देश की आजादी के लिए 9 अगस्त 1925 में लखनऊ में पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना को अंजाम देकर अंग्रेजी हुकुमत को चुनौती दी थी। उस समय अंग्रेजी हुकूमत हिल गई थी। ट्रेन एक्शन में इन क्रांतिकारियों को महज 4,600 रुपए मिले थे। लेकिन, उन्हें गिरफ्तार करके, सजा दिलाने के लिए अंग्रेजों ने 10 लाख रुपए खर्च कर दिए। लेकिन तब भी आजादी की लड़ाई कमजोर नहीं पड़ी।

#### दुर्गादास के प्रति श्रद्धा का भाव रखते हैं आमजन

सीएम योगी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत सारे लोग थे, जिन्होंने मुगलों और अंग्रेजों के सामने समर्पण कर दिया था, लेकिन हम जिन राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर का नाम ले रहे हैं। एक बार राजस्थान जाइए, देखिए उनकी पूजा होती है। जोधपुर में श्रद्धा का भाव देखने को मिलता है। मैं इसी श्रद्धा के भाव को मजबूत करने के लिए आया हूं।

#### आगरा में कला, विश्वास और समर्पण है

सीएम योगी ने आगरा के लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा- आगरा के रज-रज में, कण-कण में भगवान कृष्ण का वास है। यहां कला है, विश्वास है, आस्था और समर्पण है। यह विश्वास और आस्था, कला-संस्कृति राष्ट्र प्रतिष्ठा के साथ आगे बढ़नी चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश सरकार के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, बेबीरानी मौर्य, धर्मवीर प्रजापति, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, महापौर हेमलता दिवाकर, कार्यक्रम संयोजक व विधायक जीएस धर्मेश, रानी पक्षालिका सिंह, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, धर्मपाल सिंह, छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाहा, चौधरी बाबूलाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामप्रताप चौहान, नवीन जैन आदि उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों को नहीं मिली कार्य पुस्तिका, कैसे बच्चे करेंगे अभ्यास

- जनपद के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर जल्द ही भेज दी जाएगी कार्य पुस्तिका

**केटी न्यूज / चंदौली**

> "जनपद के जिला पुस्तक केंद्र पर कार्य पुस्तिकाएं आ रही हैं। वहीं पुस्तक के अंदर में सुरक्षित रखकर वहां से उन्हें भेजने का सिलसिला भी जारी है। जनपद के सभी 9 ब्लॉक के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर कार्य पुस्तिकाएं भेज दी जाएगी, ताकि वहां से कर पुस्तिका वितरण की जा सके।"
>
> –महेंद्र प्रसाद, जिला पुस्तक केंद्र प्रभारी चंदौली

जनपद के परिषदीय विद्यालय मैं पढ़ने वाले बच्चों को तमाम दुश्वारियां के साथ जूझना पड़ रहा है। कक्षा एक व दो बच्चों को अभी तक कर पुस्तिका नहीं मिलने के कारण उन्हें अभ्यास करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शिक्षक भी कर पुस्तिका ना मिलने के कारण अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं जिससे बच्चों के बौद्धिक क्षमता का विकास है। वही सब पढ़े, सब बढ़े स्लोगन पर भी सरकार पर सवाल अभिभावक खड़े कर रहे हैं कि कार्यपुस्तिका ही नहीं तो बच्चे कैसे अभ्यास करेंगे। वहीं विभाग का दावा है कि सभी ब्लॉकों में कार्यपुस्तिकाएं जल्द ही भेज दी जाएगी। जनपद में कुल 1185 परिषदीय विद्यालय संचालित होते हैं। जहां पर ढाई लाख से अधिक बच्चे पठान-पाठन का कार्य करते हैं। जनपद में 9 ब्लॉक है। जहां पर सभी ब्लॉकों में पुस्तकों वितरण के साथ-साथ अन्य खिलाड़ियों के लिए लाभ संसाधन के लोग की स्थापना की गई है। कक्षा एक और दो के बच्चों के शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार के लिए कार्य पुस्तिकाएं शासन की ओर से उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन स्कूल खुले एक माह बीत जाने के बाद भी कार्य पुस्तिका अभी तक नहीं मिल पाए। इससे उन्हें अभ्यास करने में तमाम तरह की परेशानी हो रही है। विभागीय अधिकारियों के कर पुस्तिका भेजने की कार्रवाई चल रही है संसाधन केंद्र पर कार्य पुस्तिकाएं पहुंच जाएगी,ताकि वहां से विद्यालयों को वितरण किया जा सके।



### कुत्ता को बचाने में सिपाहियों की बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, सिपाही गंभीर

**मऊ ।** जनपद के हलधरपुर थाने में 112 नंबर में कार्यरत दो सिपाही एक टेंपो को ओवर टेक करके आगे निकल रहे थे, उसी समय एक कुत्ता सड़क पर आ गया, और उसको बचाने के चक्कर में उनकी बाइक सड़क पर गिर गई, और दोनों बुरी तरह घायल हो गए एंबुलेंस से दोनों सिपाहियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। 112 नंबर में कार्यरत वाराणसी के मूल निवासी अजय नारायण मुख्य आरक्षक 41वर्ष पुत्र मास्टर नारायण राम मिर्जा मुराद,वाराणसी जनपद के के मूल निवासी हैं । दूसरे सिपाही नसरुद्दीन 36 वर्ष पुत्र अमानुल्लाह सिकंदरपुर थाना अंतर्गत डोमनपुरा ग्राम पंचायत के निवासी हैं, वे बाइक से हलधरपुर थाने से रतनपुरा के लिए आ रहे थे, जैसे ही वे मेउडी कलां नहर पुलिया के पास पहुंचे टेंपो को ओवरटेक कर आगे निकलना चाह रहे थे।

### सिपाह इब्राहिमाबाद में बंदरों के उत्पात से त्रस्त हैं बाजारवासी

**सिपाह इब्राहिमाबाद/मऊ ।** स्थानीय बाजार वासी इन दिनों बंदरों की धमाचौकड़ी से त्रस्त हैं। हालांकि जिन बंदरों को जंगलों और बाग - बगीचों में होना चाहिए यदि वे गाँवों, कस्बों एवं अन्य आवासीय क्षेत्रों में अपना आशियाना बनाए हुए हैं तो इसके लिए भी सर्वाधिक जिम्मेदार और जवाबदेह, प्रकृति के साथ हमारी छेड़छाड़ और अतिशय स्वार्थपूर्ण कार्य संस्कृति ही है बहरहाल दर्जनों की संख्या में बंदर बाजार के मुख्य मार्ग और दूसरे मोहल्लों में स्थित घरों की छतों व भीतरी हिस्सों में पहुँचकर काफी उधम मचाते हैं।




## पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में जांच कराने के लिए हो रही परेशानी

# मात्र एक लैब टेक्नीशियन के सहारे चल रहा बलगम जांच केंद्र

- रोज 50 मरीज आते हैं, लेकिन 10 से 15 की ही हो पाती है जांच

**केटी न्यूज / चंदौली**

मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में बलगम जांच केंद्र की स्थापना की गई। जहां जांच अधिक होने के कारण मरीज को परेशानियों का तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूर दराज से आने वाले मरीज और तीमारदार दोनों परेशान है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि एक लैब टेक्नीशियन के सहारे बलगम जांच केंद्र चलाया जा रहा है, लेकिन यहां दो की और आवश्यकता है। पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में टीवी की जांच के लिए बलगम जांच केंद्र बनाया गया, लेकिन एक लैब टेक्नीशियन होने के कारण जांच सुविधा के अनुसार नहीं हो पाती है। जहां प्रतिदिन 50 मरीज बलगम जांच के लिए आते हैं, लेकिन मात्र 10 से 15 मरीज का ही जांच हो पता है। जहां शेष की जांच अगले दिन किया जाता है। इससे समय से मरीजों का जांच न होने के कारण रिपोर्ट सही नहीं आ पाती है। जिससे मरीजों और तीमदारों को बाहर जांच करानी पड़ती है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य प्रशासन लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति करे ताकि मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े।



> "पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में बलगम जांच केंद्र है ।जहां एक लैब टेक्नीशियन जो जांच करता है। यहां टेक्नीशियन की आवश्यकता है ।इसके लिए शासन को अवगत कराया गया है, ताकि जांच मरीजों की अच्छी हो सके।"
>
> – डा.सत्य प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल चंदौली।

## सुभाषितम्

स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेना सबसे श्रेष्ठ और महानतम विजय होती है। -प्लेटो

# कैसे देश जीतेगा जंग नशे के खिलाफ

-आर.के. सिन्हा

भारत में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकटों पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्त्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं। नशे की गिरफ्त में आकर लोग अक्सर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरूकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई



शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े मार्केटों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है। राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहा है। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं। दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है। एमडीएमए एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है, जो उत्तेजक और बुद्धिभ्रष्ट कारक है। इस ड्रग के इस्तेमाल मात्र से शरीर पर बदलाव आने लग जाते हैं। सिंथेटिक ड्रग्स का उदय एक महामारी के रूप में हो रहा है जो कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, खासकर युवा लोगों को।नए जमाने में सुरक्षा के नाम पर ई-सिगरेट का भी प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसमें धुआं भले ही न हो, लेकिन निकोटीन होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसान में जरा सी भी कमी नहीं है। राजधानी के प्रतिष्ठित गंगा राम अस्पताल दिल्ली में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिसिन डॉ. मोहसिन वली कहते हैं, ₹भारत में तंबाकू सेवन करने वालों, विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों की बढ़ती संख्या के चलते इस पर नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों की तुरंत समीक्षा की जरूरत है। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी), गर्म तम्बाकू उत्पाद (एचटीपी) और स्नस (धुआं रहित तंबाकू) जैसे वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों के इस्तेमाल से नशे पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। हालांकि एनआरटी को मेडिकल स्टोर पर केवल डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही लिया जा सकता है, जिसके कारण इसकी सरल उपलब्धता अब मुश्किल हो गई है। अब इसे सीधे कोई आसानी नहीं ले सकता है।₹ जानकारों का कहना है कि अधिकांश लोग एनआरटी का उपयोग तब बंद कर देते हैं, जब उन्हें लगता है कि अब उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। एनआरटी में निकोटीन की मात्रा सिगरेट की तुलना में वैसे तो कम होती है। निकोटीन को मस्तिष्क तक पहुँचने और इंसान को निकोटीन का प्रभाव देने में भी काफी समय लगता है। इसका मतलब यह है कि धूम्रपान छोड़ने की तुलना में एनआरटी का उपयोग बंद करना बहुत आसान है। सबसे बेहतर बात ये है कि एनआरटीके साइड इफेक्ट भी ज्यादा खतरनाक नहीं हैं। इसके साथ ही अब गुटखा को खाने वालों की तादाद चक्रवद्धि ब्याज की रफ्तार से बढ़ती ही चली जा रही है। इसमें तंबाकू की कितनी मात्रा हो, इसको लेकर कोई गाइडलाइंस नहीं है। इसको खाना अगर जरूरी ही है तो बिना तंबाकू वाले इसके इलायची आदि के स्वादिष्ट फ्लेवर क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे इसको खाने का मजा तो आए, लेकिन स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़े। कुछ समय पहले राजधानी के बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनरी मेडिसिन डॉ. पवन गुप्ता कह रहे थे-, ₹ सबसे गंभीर बात यह है कि आम लोगों में तंबाकू का प्रचलन बढ़ रहा हैं, क्योंकि देश भर में सड़क के आसपास बनी दुकानों में तंबाकू आसानी से उपलब्ध है। मौजूदा सरकारी नीतियां तंबाकू के बढ़ती लत को रूकवाने में विफल रही हैं। अब इस मसले को रोकने के लिए विकसित देशों में अपनाए गये वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों पर विचार करना जरूरी है। इससे तंबाकू के सेवन पर रोक लगाने में कारगर सफलता मिल सकती है। आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ में कमी की समस्याएं सामने आ रही हैं। मुझे लगातार इस तरह के परिवारों के बारे में पता चलता है जो अपने किसी सदस्य के नशे का दास बनने से परेशान है। हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हो रहे हैं। युवावस्था में करियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है और अंततः नशे के कुचक्र में फंस जाता है। इसके साथ ही युवा एक गलत पूर्वधारणा का भी शिकार होते हैं। उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर धुएँ के छल्ले उड़ाना और महँगी पार्टीज में शराब के सेवन करना उच्च सामाजिक स्थिति का प्रतीक भी जान पड़ता है। दरअसल नशे के बढ़ने के कई आयाम हैं। इसके खिलाफ सारे देश को मिलकर लड़ना होगा। वर्ना तो नशे की लत का विस्तार जारी ही रहेगा।

## मिल सकती है, रिटायर्ड होने के बाद वेतन की 50 फीसदी पेंशन?

केंद्र सरकार द्वारा जो नई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को शुरू करने का जो फैसला लिया गया है। उस फैसले से कर्मचारियों को अपने अंतिम वेतन की राशि का 50 फीसदी पेंशन में मिलेगा या नहीं, इस पेंशन योजना में बहुत सारी शर्त, किंतु परंतु लगे हैं। कर्मचारी सभी मानकों का पालन सही तरीके से कर पाएगा, तभी उसे अंतिम वेतन का 50 फीसदी राशि की पेंशन सेवा निवृत्ति के बाद कर्मचारियों को पेंशन के रूप में मिल सकेगी। शासकीय कर्मचारी को अपने पेंशन खाते को हमेशा क्रियाशील रखना पड़ेगा। सरकार कर्मचारियों के पेंशन के दो खाते खोलेगी। एक खाते में कर्मचारियों के वेतन से 10 फीसदी अंशदान ओर सरकार का 10 फीसदी अपनी ओर से मिलाकर एक पृथक खाते में रखा जाएगा। केंद्र सरकार दूसरे खाते में अपनी ओर से 8.50 फीसदी अंशदान की राशि जमा करेगी। पेंशन नियामक प्राधिकरण नई योजना में यदि कर्मचारी के द्वारा नई शर्तों का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में उसकी पेंशन कम बनेगी। शासकीय कर्मचारी पेंशन फंड से 50 फीसदी राशि हमेशा जमा रखेगा। उसके बाद ही वह अपने अंतिम वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में पाने का अधिकारी होगा। अधिक पेंशन पाने के लिए सेवानिवृत्ति के बाद भी कॉरपस फंड में 50 फीसदी राशि रखना अनिवार्य होगा। यदि यह राशिपेंशन फंड में जमा नहीं रहेगी, तो कर्मचारी की पेंशन कम बनेगी। सरकार द्वारा जो 8.50 फीसदी अंशदान दूसरे खाते में रखा जायेगा, उसकी भरपाई के लिए यह दूसरा खाता होगा। जिसमें से 50 फीसदी पेंशन को पूरा करने की गारंटी सरकार द्वारा दी जा रही है। यदि पहले वाले खाते में कर्मचारी डिफॉल्ट होता है तो उस हालत में सेवानिवृत्ति के बाद उसे कम पेंशन मिलेगी। कर्मचारी अपने पेंशन फंड में जमा 50 फीसदी से ज्यादा राशि निकाल लेता है। उस हालत में उसे अंतिम वेतन की 50 फीसदी राशि पेंशन के रूप में नहीं मिलेगी। पेंशन खाते में जमा फंड के अनुसार ही पेंशन कम या ज्यादा होगी। सरकार ने जो योजना वर्तमान में तैयार की है, उसके अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) या यूपीएस का विकल्प चुनना होगा। यूपीएस योजना को लागू करने का दायित्व सरकार द्वारा पेंशन नियामक प्राधिकरण को दिया गया है। जल्दबाजी में सरकार ने इस पेंशन स्कीम की घोषणा तो कर दी है, लेकिन अभी वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर योजना को अंतिम स्वरूप दिया जाना बाकी है। सरकार द्वारा, अभी जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद अपने पेंशन फंड से 50 फीसदी राशि अपने कॉरपस फंड में जमा नहीं रखेगा। तो उसकी पेंशन कम हो जाएगी। केंद्र सरकार को नई पेंशन योजना के बारे में राज्य सरकारों से भी विचार विमर्श करना होगा। पेंशन नियामक प्राधिकरण केंद्र के साथ-साथ राज्यों के पेंशन फंड का भी रखरखाव करता है। ऐसी स्थिति में अगले महीनो में इस योजना के बारे में वास्तविक स्थिति का पता कर्मचारियों को लग पाएगा। सरकार ने जो घोषणा की है, उसके अनुसार नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2025 के बाद ही लागू होगी। पेंशन योजना को लेकर केंद्रीय एवं राज्य के कर्मचारियों में भारी रोष था। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में पेंशन योजना के कारण भारतीय जनता पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा था। केंद्र सरकार ने जिस पेंशन स्कीम की घोषणा की है। उसमें उसने एक बात का ध्यान रखा है। अंतिम वेतन की 50 फीसदी राशि पेंशन के रूप में कर्मचारियों को मिले। लेकिन इसके लिए रिटायरमेंट के पहले और बाद में उसके लिए 50 फीसदी राशि पेंशन फंड में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि कर्मचारी अपने खाते में 50 फीसदी राशि हमेशा नहीं रख पाया, ऐसी स्थिति में उसकी पेंशन कम हो जाएगी। नए नियमों को देखने से यही लग रहा है। सरकार ने पेंशन कानून में जिस तरीके से दो खाता खोलने और नियम और शर्तों के साथ ओल्ड पेंशन स्कीम कहकर प्रचारित किया जा रहा है। इस नई पेंशन स्कीम को कर्मचारी संगठन संतुष्ट होंगे, यह कहना बड़ा मुश्किल है। केंद्र सरकार ने जिस तरह से कारोबारी अपने उत्पाद को बेचने के लिए बड़े आकर्षक ढंग से ब्रांडिंग करते हैं। अपने उत्पाद के बारे में बढ़ा चढ़ाकर बताते हैं।

## चिंतन-मनन

## पाप-पुण्य में फंस जाता है जीव

ईश्वर क्षेत्रज्ञ या चेतन है, जैसा कि जीव भी है, लेकिन जीव केवल अपने शरीर के प्रति सचेत रहता है, जबकि भगवान समस्त शरीरों के प्रति सचेत रहते हैं। चूंकि वे प्रत्येक जीव के हृदय में वास करने वाले हैं, अतएव वे जीवविशेष की मानसिक गतिशीलता से परिचित रहते हैं। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में ईश्वर या नियंता के रूप में वास कर रहे हैं और जैसा जीव चाहता है वैसा करने के लिए जीव को निर्देशित करते रहते हैं। जीव भूल जाता है कि उसे क्या करना है। पहले तो वह किसी एक विधि से कर्म करने का संकल्प करता है, लेकिन फिर वह अपने ही कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है। वह एक शरीर को त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है। चूंकि इस प्रकार वह आत्मा देहांतरण कर जाता है, अत उसे अपने विगत (पूर्वकृत) कर्मों का फल भोगना पड़ता है। ये कार्यकलाप तभी बदल सकते हैं जब जीव सतोगुण में स्थित हो और यह समझे कि उसे कौन से कर्म करने चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो उसके विगत कर्मों के सारे फल बदल जाते हैं। इसीलिए हमने यह कहा है कि पांच तत्वों- ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल तथा कर्म में से चार शात हैं, कर्म शात नहीं है। परम चेतन ईश्वर जीव से इस मामले में समान हैं- भगवान तथा जीव दोनों की चेतनाएं दिव्य हैं। यह चेतना पदार्थ के संयोग से उत्पन्न नहीं होती है। ऐसा सोचना भ्रांतिमूलक है। किंतु भगवान की चेतना भौतिकता से प्रभावित नहीं होती है। भगवान कहते हैं- जब वे इस भौतिक वि में अवतरित होते हैं तो उनकी चेतना पर भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। यदि वे इस तरह प्रभावित होते तो दिव्य विषयों के संबंध में उस तरह बोलने के अधिकारी न होते जैसा कि वे भगवद्गीता में बोलते हैं। भौतिक कल्मष-ग्रस्त चेतना से मुक्त हुए बिना कोई दिव्य-जगत के विषय में कुछ नहीं कह सकता। अतः भगवान भौतिक दृष्टि से कलुषित (दूषित) नहीं हैं। भगवद्गीता तो शिक्षा देती है कि हमें इस कलुषित चेतना को शुद्ध करना है।

# कर्मों से भाग्य बदल जाता है

- नरेंद्र भारती

जीवन का एक नियम है कि अगर तुम प्रतीक्षा कर सको तो सभी चीजें पूरी हो जाती हैं। आधुनिक मानव रातों रात सफल होना चाहता है सब्र नहीं करता संघर्ष नहीं करता और असफल हो जाता है। प्रतीक्षा का फल मीठा होता है इतिहास साक्षी है की दुनिया में सफल लोगों ने बहुत मेहनत करके मुकाम हासिल किया है। मुसीबतों से डरना नहीं चाहिए राह में कई मोड़ आते हैं आधीयां तूफान आते हैं ऐसे तूफानों का सामना करना चाहिए क्यूंकि तूफान थम जाता है हौसला रखना चाहिए डरना नहीं चाहिए डर के आगे जीत होती है। समय पर हर इच्छा पूरी हो जाती है। भाग्य को कर्मो से बदला जा सकता है अतीत बदल जाता है सच्चे मन कर्म करना पड़ता है बाधाओं को पार करना पड़ता है खून पसीना बहाना पड़ता है। भाग्य बदल जाता है हर दरवाजे खुल जाते है सफलता की कुंजी मिल जाती है। असफलता भी बहुत कुछ शिक्षा देती है अथक मेहनत से सफलता मिल जाती है। समय के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें। समय के पाबंद बने। अगर समय के साथ नहीं चलोगें तो पिछड़ जाओगें। समय का प्रबंधन करें। समय सारणी बनाएं और हर पल का फायदा उठाएं। समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को खुशहाल बनाएं। समय सबसे बड़ा गुरु है। समय एक अनमोल पूंजी है। समय को जिसने भी बरबाद किया समय ने उसे भी बरबाद कर दिया। समय किसी का इंतजार नहीं करता। समय का सदुपयोग करोगे तो सफलता हासिल करोगे अगर समय का दुरुपयोग किया तो धराशायी हो जाओगे। वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल



होने में देर नहीं लगती। मानव को हमेशा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे दिन एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है। आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए अतीत की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं। । वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मयार्दा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। समय के पास सबका लेखाजोखा है। मानव को समय से डरना चाहिए न जाने कब कैसा समय देखना पड़े। समय का मिजाज पता नहीं कब बदल जाए। समय ने बड़े से बड़े तानाशाहों को धूल चटा दी जो समय के खिलाफ चले थे मिटटी में मिल गए। आज मानव के पास अच्छा करने का समय ही नहीं है जबकि बुरा करने के लिए समय ही समय है। मानव कितन भी अमीर हो जाए अपना गुजरा हुआ समय नहीं खरीद सकता। आज लोग मोबाईल फोन पर समय बरबाद कर रहे है। चौबीसों घंटे सोशल मीडिया पर व्यस्त रहते है। समय की जिसने कदर की समय ने उसे उचाईयां दी है। मानव को चाहिए कि समय के हर एक मिनट और सैकंड व घंटों का सही सदुपयोग करे। जो समय के साथ निर्बाध गति से चला समय ने उसे मंजिल तक पहुंचाया है। समय से डरो अच्छे कर्म करो। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी। समय मानव को कई रंग दिखाता है। समय मानव की परीक्षा लेता रहता है। समय का सही मायने में सम्मान करो। समय अनमोल है व दुर्लभ है। सुख में तो सभी साथ होते है मगर दुख में साथ छोड देते है, आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। ताकि विपतीयो का अहसास होता रहेआदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। समय यही सिखाता है कि किसी का समय बरबाद मत करो। समय कीमती है जिसने समय की कीमत जान ली है वह हर जगह सफल होता है। आज अच्छाई के लिए समय नहीं है। बुराई के लिए हर समय तैयार है। समय एक जैसा नहीं रहता आज अच्छा है कल का पता नहीं कैसा होगा। समय को पहचानो तभी समय आपको एक अलग पहचान देगा। समय रेत की तरह हर पल फिसल रहा है समय को बांधा नहीं जा सकता यह अटल सत्य है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है। समय से डरो, समय बदलता रहता है।

# देश की आजादी में भारतवासियों का त्याग



- संजय गोस्वामी

कितने लोगों के त्याग बलिदान के पश्चात यह उपहार भारतवासियों को मिला। परंतु इस उपहार के साथ-साथ देश के विभाजन का दृश्य भी झेलना पड़ा। क्रिप्स कमीशन के आजादी घोषणा के पश्चात ही मुस्लिम लीग ने एक अलग राष्ट्र पाकिस्तान की मांग रखी। बंगाल, हैदराबाद, केरल में दंगों को देखते हुए कांग्रेस ने घोषणा की कि भारत गणराज्य के बंटवारे में ही इसका हित है। हालांकि कई कांग्रेसी नेता इसके विरोध में थे। उन्हें पता था कि इस निर्णय का परिणाम अत्यंत वीभत्स होगा परंतु नियति के आगे किसकी चली है। अंग्रेजी हुकूमत ने तय किया कि भारत एवं पाकिस्तान दो देश बनाए जाएंगे तथा जो रियासत जिसमें विलय होना चाहते हैं, वे उसमें विलय हो सकते हैं। मुस्लिम बहुल रियासतों को पाकिस्तान तथा हिंदू बहुल रियासतों को भारत में रखने का निर्णय लिया गया। इस घोषणा के होते ही लोगों में होड़ लग गई अपने राष्ट्र की तरफ जाने की। सिंध, पंजाब, कराची में स्थित हिंदू, सिख भारत आना चाहते थे वहीं मध्य भारत, बंगाल, हैदराबाद, बिहार तथा देश के अन्य हिस्से के मुसलमान पाकिस्तान जाना चाहते थे। रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। देश स्थानांतरण की दिशा में कई जगहों पर धार्मिक उन्माद भी उत्पन्न हो गया जिससे देश के कई स्थानों पर दंगे भड़क गए। एक आंकड़े के अनुसार 72,26,000 लोगों ने पाकिस्तान से भारत की ओर पलायन किया जिसमें ज्यादातर हिंदू तथा सिख परिवार थे कई जगहों पर यह भी वर्णन है कि पाकिस्तान से आ रही सारी ट्रेनों के मुसाफिरों को मार दिया जाता था और केवल उनकी लाश ही ट्रेन में आती थी। यह दृश्य अत्यंत भयावह था। न जाने कितने बच्चे अनाथ हो गए, कितने परिवार बिखर गए। जनगणना के आंकड़े यह भी बताते हैं कि आजादी के पश्चात पाकिस्तान में हिंदू तथा सिख समुदाय की संख्या कुल आबादी की जनसंख्या की 22% थी जो आज घटकर 1.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ भारत में मुसलमानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आजादी की घोषणा होने के पश्चात जो हिंदू तथा सिख सिंध प्रांत में वर्षों से रह रहे थे, वे एकाएक बेघर हो गए। भुखमरी तथा धर्म के आधार पर लोगों ने एक दूसरे की जान लेना शुरू कर दिया। यह घटना महीनों तक चली लेकिन सरदार पटेल के अथक प्रयासों के बाद इसे समाप्त कर दिया गया। कश्मीर पर पाकिस्तान के हमले के समय भी यही दृश्य देखने को मिला था। लेकिन हिंद के जवानों ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया तथा कश्मीर का विलय भारत में हो गया। मां भारती के सपूतों ने हर बार सिद्ध किया है कि देश के दामन पर जब-जब मुसीबतें आएंगी, वे तैयार हैं अपने भारत की रक्षा के लिए।

## आज का राशिफल

- **मेष** आज भाग्य साथ दे रहा है और महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभ फलदायक रहेगा।
- **तुला** आपके सुख के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा।
- **वृषभ** काम को संभलकर करने की सलाह है। आपकी बिना वजह किसी के साथ अनबन हो सकती है।
- **वृश्चिक** आज लाभ होगा और दूसरों के कार्य पूर्ण करने में आपका दिन बीतेगा।
- **मिथुन** आज किसी काम में मन नहीं लगेगा और आपकी योजनाएं अधूरी पड़ी रहेंगी।
- **धनु** काफी मिलाजुला रहेगा। आपके आसपास का वातावरण काफी विपरीत स्थिति वाला रहेगा।
- **कर्क** आज दिन सफलता से भरा होगा और दिन आपके लिए भाग्योदय कारक है। जो भी चाहेंगे वो कर दिखाएंगे।
- **मकर** आज लाभ का दिन है और आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा।
- **सिंह** दिन मिश्रित फलकारक है और समाज में लोगों के बीच में आपकी अच्छी छवि बनेगी।
- **कुंभ** आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी महान सफलता के मिलने से आपको हर्ष होगा।
- **कन्या** करियर के मामले में लाभ का दिन है। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होने से आपका मन प्रसन्न होगा।
- **मीन** आज दिन प्रसन्नता से भरा होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। दिन अच्छा है।

## विशेष

## गरीब की लुगाई सबकी भोजाई

कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। न्यायपालिका भी पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ सुनवाई कर पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ एक तरफा फैसला भी ले रही हैं, टिप्पणी भी कर रही हैं। सीबीआई जांच देने के बाद भी अभी तक कोई परिणाम सामने नहीं आया। लेकिन हाईकोर्ट ने इसी मामले में ममता सरकार के खिलाफ टिप्पणी की थी। न्यायपालिका की टिप्पणियों से पश्चिम बंगाल सरकार की राजनीति मुसीबतें बढ़ रही हैं। भाजपा इनका फायदा उठाती है। बदलापुर की घटना पर महाअघाड़ी गठबंधन के दलों ने महाराष्ट्र बंद का आवाहन किया था। मुंबई हाईकोर्ट ने तुरंत आदेश दिया, राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह से बंद का काल नहीं दिया जा सकता है। यह फैसला भी अपनी तरह से अनोखा है। इसके पहले सभी राजनीतिक दल समय-समय पर राज्य ही नहीं भारत बंद का आह्वान करते रहे हैं। न्यायपालिका जिस तरह से डबल इंजन की सरकारों के पक्ष में खड़ी हो जाती है। उससे अब न्यायपालिका भी राजनीतिक विवादों में आने लगी है। राजनीतिक क्षेत्र में कहा जा रहा है। विपक्षी दलों की सरकारों की अब वही स्थिति हो गई है, जैसी कहावत है, गरीब की लुगाई सबकी भोजाई। वही हालत भारत में विपक्षी दलों की राज्य सरकारों और विपक्षी नेताओं का हो गया है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1640: फ्लेमिश फोजों ने डेनमार्क नरेश क्रिश्चियन चतुर्थ को जर्मनी में पराजित किया. 1758: रूसी फौजें जोर्नडोर्फ पोलैंड में प्रसियाई सैनिकों के साथ लड़ाई के बाद पीछे हटी. 1781: हैदरअली और अंग्रेजों के बीच पलनीलोर की लड़ाई हुई. 1789: जॉर्ज वाशिंगटन अमेरीका के प्रथम राष्ट्रपति बने. 1828: उरुग्वे ने स्वतंत्रता की घोषणा की. 1870: कलकत्ता में प्रथम श्रमिक संगठन संघ की स्थापना हुई. 1897: फ्रांस और रूस में संधि हुई. 1910: मदर टेरेसा का जन्म यूगोस्लाविया के स्कोप्जे में हुआ. 1943: द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी फोजों ने प्रशांत सागर स्थित न्यू जार्जिया द्वीप खाली किया. द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद अमरीकी सैनिक जापान पहुंचने लगे. 1969: इसरायली कमांडो दस्ते में ऊपरी मिस्त्र की नील घाटी के क्षेत्रीय सैन्य मुख्यालय पर हमला किया.

## दैनिक पंचांग

27 अगस्त 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.12 बजे से |
| चंद्र | वृष में | तुला | 09.22 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृश्चिक | 11.37 ब.से |
| बुध | कर्क में | धनु | 13.53 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 15.58 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 17.45 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 19.18 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 20.48 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 22.28 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 00.26 बजे से |
| 3.00 से 4.30 बजे तक | | कर्क | 02.40 बजे स |
| | | सिंह | 04.56 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 240 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 01.34 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 15.38 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 20.31 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 13.53 बजे तदनन्तर गर 01.34 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 58' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872084 **जूलियन दिन** 2460549.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 22 **विशेष** दही हांडी, गोगा नवमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# जानें मेहंदी का पौधा उगाने के आसान टिप्स

**बालों और हाथों पर मेंहदी लगाने का ट्रेंड भारत में सालों से चलता आ रहा है। एक समय पर मेंहदी की कीमत बहुत कम थी, लेकिन इन दिनों मेंहदी बहुत महंगी मिलती है। ऐसे में हम आपके लिए लेकर आए हैं घर पर ही मेंहदी का पौधा लगाने के कुछ टिप्स। आइए जानते हैं घर पर मेंहदी का पौधा कैसे लगा सकते हैं।**

## मेंहदी का पौधा कैसे लगाएं?

- मेंहदी का पौधा आप बीज से भी लगा सकते हैं और नर्सरी से भी खरीद सकते हैं। सबसे पहले मिट्टी लें और गमले में डालें। अब मेंहदी के पौधे के बीजों को गमले में डालकर ऊपर से और मिट्टी डाल दें।
- इसके बाद आपको गमले में पानी डालना है। चाहें तो नेचुरल खाद भी डाल सकते हैं। अब गमले को कुछ देर के लिए धूप की किरणों में रखें। कुछ दिनों के बाद आपको मेंहदी का पौधा बड़ा होता दिखेगा।

## मेंहदी के पौधे के लिए बीज कहां से खरीदें?

- मेंहदी के पौधे के बीज आपको किसी भी नर्सरी में आसानी से मिल जाएंगे। आजकल पौधों के बीज के ऑनलाइन भी आसानी से घर बैठे आसानी से अमोजन जैसी वेबसाइट से मंगवा सकते हैं।

## मेंहदी के पौधे के लिए खाद

- मेंहदी के पौधे के लिए हमेशा नेचुरल खाद का इस्तेमाल करें। गाय के गोबर और सब्जियों के छिलकों में मौजूद पोषक तत्व पौधों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

## मेंहदी का पौधा लगाकर होगी बचत

- मेंहदी का पौधा लगाकर आप हाथ और बालों के लिए मेंहदी खरीदने से बच सकते हैं। इसके अलावा आप घर पर मेंहदी बनाकर बिक्री भी कर सकते हैं। इससे आपकी सेविंग होगी।

# आपका व्यक्तित्व ही आपकी स्टाइल है



**आपका स्टाइल आपका अपना हुआ करता है। ये इस बात से इतर है कि फैशन क्या है और ट्रेंड क्या है। सही है कि कुछ चीजें समय के साथ बदलती है, मगर ये भी सही है कि कुछ चीजें समय के बाद नहीं भी बदलती है। बात कुल मिलाकर यह है कि आपको अपना स्टाइल खुद ही विकसित करना चाहिए। ट्रेंड क्या है, और क्या हॉट रहने वाला है से आगे है आपकी अपनी स्टाइल। आप अपनी स्टाइल खुद चुनकर तो देखें। आपकी स्टाइल का संबंध आपके कपड़ों और आपके फैशन सेंस से कम, आपके व्यक्तित्व से बहुत ज्यादा है। आपका व्यक्तित्व ही आपकी स्टाइल है, बस इसमें कुछ और चीजें एड कर लें।**

## परिपक्व बनें

युवा नजर आने के लिए लोग तरह-तरह के स्टाइल बरतते हैं। फंकी लुक, कलर्ड हेयर, फंकी हेयर स्टाइल... इससे आप यंग तो लग सकते हैं, लेकिन यह आपके व्यक्तित्व को ग्रेविटी नहीं देता है। यदि आप वेल-ड्रेस्ड और आकर्षक लगना चाहते हैं तो जरूरी है कि आप परिपक्व हों। क्योंकि चाहे जो हो मेच्योरिटी भी एक गुण तो है ही। आखिर इससे ही तो एक लड़का, पुरुष होता है। परिपक्वता पौरुष दिखाती है और इसलिए सम्मान भी हासिल करती है। और यही वह क्वॉलिटी है जो लोग आपमें देखना चाहते हैं। इसका यह मतलब नहीं है कि आप अपने पिता की तरह ही ओल्ड फैशंड और पेस्टल कलर्स के कपड़े पहनें और क्लासिक शूज, वॉचेज आदि का इस्तेमाल करें। इसका सीधा-सा मतलब है कि आप खुद को टीनएजर लड़के की तरह दिखाना बंद करें।

## ग्राफिक टी-शर्ट नहीं

अपनी टीनएजर छवि से बाहर आने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप ग्राफिक टी-शर्ट पहनना बिल्कुल बंद कर दें। ये सच है कि ये हरेक को बहुत पसंद आती है। ये दिखती भी अच्छी है और आरामदायक भी रहती है, इसलिए हरेक इसे लगातार पहने रखना चाहता है। लेकिन अब आपको इसे पहनना बंद कर देना चाहिए। आपके पास इसके लिए बहुत सारे दूसरे और अच्छे विकल्प है। इसे इस तरह देखें कि फिल्मों में कोई भी डिसेंट टाइप का कामकाजी, मतलब रोजगार याफ्ता हीरो इस तरह की टी-शर्ट में नजर नहीं आएगा। आप ऐसा तो नहीं ही चाहेंगे कि लोग आपके पुरुष में छोटे लड़के की छवि भी देखें। इसकी बजाए आप प्लेन या फिर लाइनिंग वाले टी-शर्ट पहनें। बल्कि इससे भी ज्यादा अच्छा तो यह है कि आप कैजुअल शर्ट्स या फिर पोलोज पहनें। जो आपके व्यक्तित्व में ज्यादा निखार लाएगा।

## जीन्स कंटीन्यू रखें

लोअर के तौर पर आप जीन्स पहन सकते हैं। इसमें कुछ बुराई भी नहीं है। आमतौर पर टीशर्ट को जीन्स के साथ ही पेयर किया जाता है, लेकिन यदि आप इस पर शर्ट भी पहनते हैं तो जीन्स अच्छा लगता है। बस अपनी बॉडी साइज और बॉडी शेप पर गौर कर लें। बहुत लंबे और दुबले हैं तो स्किनी जीन्स पहनने से बचें। थोड़े मोटे हैं तो बैगी को एकदम ही अवाइड करें। जीन्स भी क्लासिक ही पहनें, फेडेड या किसी और तरह की जीन्स न पहनें। बहुत बड़े लोगो वाली जीन्स या कोई और ड्रेस भी अवाइड करें। डार्क ब्लू कलर की सिंपल और स्ट्रेट जीन्स का उपयोग करें।



## लेयर्स में पहनें

यदि कपड़ों का रंग डल है तो उन पर कुछ और ट्राय करें। अपने कपड़ों को और भी ज्यादा आकर्षक बनाएं। असल में कई लोगों को यह पता ही नहीं होता है कि किस रंग को किस रंग के साथ मैच करें। या फिर किस तरह के ट्राउजर के साथ किस तरह के शर्ट या फिर पोलो के साथ मैच करें। इस बारे में बहुत जानने की जरूरत भी नहीं है। यदि किसी ने एक प्लेन ग्रे स्वेटर और जींस पहना तो इसमें कुछ बुराई भी नहीं है, लेकिन ये उतना स्टाइलिश नहीं होता है। अब सफेद शर्ट के साथ ग्रे स्वेटर को कंबाइन करें। यह पहले से बेहतर नजर आएगा। ऐसे ही ब्लू ब्लैजर को पिंक शर्ट या यलो शर्ट या फिर स्काई ब्लू शर्ट के साथ पेयर अप करें। खूबसूरत लगेगा।

## ब्लेजर के बारे में क्या खयाल है?

ठीक है कि बहुत फॉर्मल ड्रेसेस हमेशा पसंद नहीं आती है। हमेशा सूट-बूट टाई हो ये जरूरी नहीं है। हमारे देश और हमारे यहां के मौसम में यह बहुत उपयोगी भी नहीं है, लेकिन खास मौकों पर ब्लेजर तो पहना ही जा सकता है। खासतौर पर गर्मी के अतिरिक्त किसी पार्टी या फिर शादी के मौके पर ब्लेजर प्लेन टी-शर्ट या फिर प्लेन शर्ट के साथ ब्लेजर को कंबाइन करें, खूबसूरत के साथ- साथ स्मार्ट भी लगेगा।

## कलाई न रहे सूनी



अब घड़ी की जरूरत सिर्फ समय देखने के लिए नहीं हुआ करती है। इसलिए कई लोगों ने जो इसके उपयोग पक्ष पर निर्भर करते थे घड़ियों को अपनी स्टाइल लिस्ट से हटा दिया है। लेकिन याद रखें कि यह भी एक्सेसरी है जो आपको कंप्लीट मेन की तरह प्रस्तुत करती है। ऐसा इसलिए भी है कि खाली कलाई बहुत अच्छी नजर नहीं आती है। आप चाहें तो घड़ी पहनें या फिर लेदर ब्रेसलेट लेकिन कलाई में कुछ पहनें जरूर।

## करो अपने मन की

हर मौसम में फैशन की दुनिया से कुछ न कुछ इन और आउट होता रहता है। कभी रंगों को लेकर उनके प्रिडिक्शन रहा करते हैं, कभी कपड़ों के कट-फिट्स को लेकर। याद रहें कि अक्सर ये सब पश्चिमी दुनिया से आए प्रिडिक्शन हुआ करते हैं। हमारे यहां का मौसम, शारीरिक बनावट, अवसर और जरूरत बिल्कुल अलग-अलग हुआ करते हैं। इसलिए बजाए इस बात को फॉलो करने के कि फैशन की दुनिया क्या कह रही है, वे पहनें जो सुविधाजनक हो और अपनी उम्र, काम और अवसर के अनुकूल हो। आपकी स्टाइल आपका अपना होगा। ये किसी की कॉपी भी न हो और किसी के इंस्ट्रक्शंस के हिसाब से भी न हो। बस ये याद रखें कि आप क्या हैं, आपका बॉडी टाइपशेप क्या है और आप क्या कर रहे हैं? साथ ही सबसे महत्वपूर्ण कि आप स्वयं को किस तरह से प्रस्तुत करना चाहते हैं?



# टाइल्स से जुड़े इन वास्तु नियमों को अवश्य जानें



**टाइल्स को इस्तेमाल करने का चलन काफी बढ़ गया है। यह बहुत महंगी नहीं होती है और इन्हें मेंटेन करना भी काफी आसान होता है। शायद यही कारण है कि लोग अपने घरों की दीवारों से लेकर फर्श, किचन से लेकर बाथरूम तक हर जगह टाइल्स का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं।**

चूंकि इनमें कई तरह के पैटर्न व कलर अवेलेबल होते हैं। तो ऐसे में आपका घर बिल्कुल भी बोरिंग नहीं लगता है। यकीनन घर में टाइल्स का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार है। लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको वास्तु के कुछ नियमों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में वास्तु शास्त्री डॉ. आनंद आपको बता रहे हैं कि घर में टाइल्स का इस्तेमाल करते समय आपको किन छोटी-छोटी बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए-

## लाइट कलर का करें इस्तेमाल

जब आप घर में टाइल्स का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप लाइट कलर का ही इस्तेमाल करें। भले ही आप अपने घर में कहीं पर भी टाइल्स का इस्तेमाल करें तो बहुत गहरा रंग इस्तेमाल करने से बचें। टाइल्स में ऑफ लाइट या लाइट बेज कलर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो टाइल्स में व्हाइट कलर भी यूज कर सकती हैं। इससे उस स्थान की एनर्जी बढ़ जाती है।

## डिजाइन पर दें ध्यान

आजकल अपने घर को डिजाइन करते समय लोग टाइल्स से तरह-तरह के पैटर्न बनाते हैं। इस बात में कोई समस्या नहीं है। आप दो तीन तरह की टाइल्स को मिक्स करके एक खूबसूरत पैटर्न बना सकती हैं। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि वह पैटर्न ज्योमेट्रिकल हो, ना कि एब्सट्रैक्ट। अगर टाइल का डिजाइन एब्सट्रैक्ट होता है तो इससे घर में नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। साथ ही साथ, इससे परिवार के सदस्यों को किसी भी तरह का फैसला लेने में परेशानी होती है।

## दीवारों पर करें अवॉयड

घर में टाइल लगाने का चलन काफी बढ़ गया है। लेकिन आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप घर में दीवारों पर टाइल्स ना लगाएं। टाइल्स को बाथरूम या किचन की दीवारों पर लगाया जा सकता है। लेकिन इन्हें कमरे की दीवारों पर नहीं लगाना चाहिए। दरअसल, वास्तु के अनुसार यह एक ब्रीदिंग मटेरियल नहीं है। इसलिए, जब इन्हें दीवारों पर लगाया जाता है तो इससे व्यक्ति को प्रॉब्लम हो सकती है। अगर कभी बहुत अधिक मजबूरी हो, तभी आप किसी एक दीवार पर टाइल लगा सकते हैं।

## ना बनाएं स्वास्तिक डिजाइन

कई बार जब लोग अपने घर में टाइल्स लगाते हैं तो तरह-तरह की टाइल्स से डिफरेंट पैटर्न बनाते हैं। लेकिन अगर आप फर्श पर टाइल्स लगा रहे हैं तो इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि वहां पर स्वास्तिक का डिजाइन ना बनाएं। इसका अपना धार्मिक महत्व होता है और इसलिए इसे जमीन पर बनाना व चलना अच्छा नहीं होता है। तो अब आप भी घर पर टाइल्स लगाते समय इन बातों का ध्यान रखें और अपने घर में पॉजिटिविटी को बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल प्रतियोगिता 29 से 1 तक

**बोकारो, एजेंसी।** बारीग्राम अंबेडकर स्टेडियम में 23वां दरकू हाड़ी मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता 29 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। जिले से बाहर की टीमें भी भाग लेगी। विजय हरि, विनय पाठक, चिंता राम, मनोज पासवान, सत्येंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, शक्ति प्रसाद महतो, पीपी मुखर्जी, चांद शरद लाल, शैलेंद्र राम, उदय हरि आदि ने बताया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी सीसीएल बीएंडके एरिया के जितने भी एससीसी सदस्य हैं वे इस प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता पूर्व की भांति निभाएंगे।

### बाल कृष्ण बने नन्हें बच्चों ने मटकी फोड़कर माखन खाया

**रांची, एजेंसी।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नन्हें बच्चे कृष्ण और राधा के वेश में स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा की सुंदर झांकियां निकाली और नृत्य प्रस्तुत किया। बाल कृष्ण गोपाल ने मटकी फोड़कर माखन खाया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्री प्राइमरी शिक्षकों द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के निदेशक डॉ अमर कुमार चौधरी और सचिव डॉ कुमुदकला मेहता ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह, ऊर्जा और स्फूर्ति प्रदान करती है।

### कथारा में पूजा को लेकर समिति विस्तार जल्द

**बोकारो, एजेंसी।** कथारा में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी शुरू है। दशरथ महतो ने बताया कि धूमधाम से पूजा होगी। सचिव बरियार महतो, सहायक सचिव राजेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद व ललन सिन्हा बनाए गए हैं। समिति का विस्तार बाद में होगा। राजेश शर्मा, आशीष चक्रवर्ती, पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद, जेके साहा, रामेश्वर चौधरी, तरुण भट्टाचार्य, नवल किशोर सिंह, रामेश्वर मंडल, सुकुमार डे, यदुनाथ गोप, रवींद्र यादव, रवि कुमार सिंह, अवधेश पांडेय, एसके मिश्रा, रंजीत सिन्हा, एसएन नियोग, जयप्रकाश, प्रेम कुमार आदि सक्रिय हैं।

### अवसरवादी नेता हैं डॉ. अजय : विनोद सिंह

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के करीबी जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह ने रविवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर डॉ. अजय पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डॉ. अजय अवसरवादी नेता हैं। अपना हित साधने के लिए कई दलों (झाविमो, आप) की यात्रा कर चुके हैं। कल्याणनगर–इंद्रानगर मामले में वे अपना राजनीतिक हित साधना चाहते हैं, लेकिन उनका मंसूबा पूरा नहीं होगा। पूर्वी विधानसभा से विधायक बनने का उनका सपना वहां की जनता धूमिल कर देगी। विनोद सिंह ने माना कि अर्जुन मुंडा ने नदी की तलहटी में बिल्डर, जमीन माफिया द्वारा बनाई जा रही ऊंची–ऊंची इमारतों को पर्यावरण के लिए खतरा बताते हुए एनजीटी को पत्र लिखा था। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, पार्टी नेता हलधर नारायण साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जनमुद्दों पर माकपा का जन जागरण अभियान 28 तक

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो थर्मल, प्रतिनिधि। महंगाई, बेरोजगारी व केंद्रीय बजट में कल्याणकारी कोष में कटौती के खिलाफ एवं सहारा निवेशकों के पैसे की वापसी सहित स्थानीय समस्याओं का निदान को लेकर सीपीएम (माकपा) का बोकारो जिला मुख्यालय समीप 27 अगस्त को धरना–प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को डीसी के माध्यम से स्मार पत्र सौंपा जायेगा। सीपीएम के जिला सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने कहा कि माकपा झारखंड राज्य कमेटी द्वारा 21–28 अगस्त तक महंगाई, बेरोजगारी व बजट में कल्याणकारी योजनाओं के कोष आवंटन में कटौती सहित स्थानीय मुद्दे विस्थापन आयोग का गठन कर खनन, रेलवे, तेनुघाट डैम, पावर प्लांट, एचईसी व सड़क निर्माण में विस्थापित हुए रैयतों को मुआवजा, पुनर्वास व नौकरी की व्यवस्था करने, बेरमो कोयलांचल को प्रदूषण मुक्त करने, सभी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने, दुग्दा वाशरी व दामोदा कोलियरी को पुन: चालू करने, ग्रामीण क्षेत्र में जंगली हाथी से बचाव, जमीन रसीद काटने शुरू करने, खतियान का बहाना बना जाति प्रमाण पत्र पर रोक लगाने के अलावा अन्य कई जनमुद्दों को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

### नशे के आदी युवक को पुलिस की मदद से पहुंचाया गया नशा मुक्ति केंद्र

**सरायढेला, एजेंसी।** सरायढेला निवासी नशे के आदी 30 वर्षीय युवक को शनिवार को पुलिस की मदद से नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया. युवक नशा मुक्ति केंद्र भेजने के लिए परिजन काफी पहले से प्रयास कर रहे थे, लेकिन वह जाना नहीं चाहता था. नशा मुक्ति केंद्र भेजने के नाम उसने कई बार आत्महत्या का भी प्रयास किया. इससे भयभीत परिवार के सदस्यों ने सरायढेला पुलिस से मदद मांगी थी. शनिवार को बाहर घूमने के बहाने परिवार के सदस्य युवक को सरायढेला स्थित एक मिठाई दुकान लेकर गये. यहां पहले से मौजूद पुलिस युवक को जबरन बरवाअड्डा स्थित नशा मुक्ति केंद्र ले गयी.सरायढेला स्थित मिठाई दुकान में पुलिस को देख युवक ने हंगामा शुरू कर दिया. मिठाई दुकान से उसे बाहर लाते ही, वह आस–पास के लोगों पर वार करने लगा. पुलिस ने काफी मुश्किल से उसपर काबू किया. इस दौरान सरायढेला मेन रोड में वाहनों की लंबी कतार लग गयी.

# चंपई सोरेन ने फिर भरी दिल्ली की उड़ान

## भाजपा हाईकमान से कर सकते हैं मुलाकात



**सरायकेला, एजेंसी।** पूरे देश की नजर कोल्हान टाइगर और झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन पर टिकी हुई है। लेकिन, अबतक न चंपई सोरेन ने पूरी बात साफ की और ना ही भाजपा के वरीय नेताओं ने। पूरे देश में इस बात की चर्चा है कि पूर्व मंत्री चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होने वाले हैं। हालांकि, इस बात में अगर सच्चाई नहीं होती, तो भाजपा इसका विरोध करते हुए अपना बयान जरुर जारी करते।

भाजपा के वरीय नेता इस पर चुप है, जो यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं भाजपा में चंपई सोरेन को लेकर खिचड़ी पक रही है। यह खिचड़ी कब तक पक जाती है। यह तो अब वक्त ही बताएगा।

कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन एक बार फिर से दिल्ली पहुंच गए हैं। सोमवार सुबह करीब सवा ग्यारह बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर वे उतरे और विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य, उनके बेटे व अन्य तीन लोगों के साथ वे अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए।

यहां वह भाजपा के शीर्ष नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान और सुवेंदु अधिकारी से मुलाकात कर सकते हैं।

उनके दिल्ली जाने की बात को गुप्त रखा गया है। सूत्रों की मानें तो, झामुमो से दूरी बनाने के बाद मंत्री चंपई सोरेन ने दूसरी बार दिल्ली का रुख किया है। चंपई ने खुद की पार्टी बनाने या एक अच्छे साथी के साथ जाने की बात कही थी।

शनिवार को सरायकेला में हुए कार्यक्रम में चंपई सोरेन ने इस बात का संकेत दे दिया था कि अच्छा साथी भाजपा के अलावा दूसरा कोई नहीं है, क्योंकि सरायकेला में उनके पोस्टर व टाउन हॉल के फव्वारे में भगवा रंग समाया हुआ था।

सूत्रों की माने तो पिछले दिनों जब चंपई तीन दिनों के लिए दिल्ली गए थे, तो वे वहां भाजपा के नेताओं से मिले थे। संभवत~ उन्हें जो टास्क दिया गया था, उसी रणनीति के तहत चंपई सोरेन पूरे कोल्हान में घूम-घूम कर अपने समर्थकों की नब्ज टटोलते रहे।

चंपई के सभी कार्यक्रमों में सैकड़ों की भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रमों में मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगने लगा है। इधर, कोल्हान में चंपईसोरेन अपने कार्यक्रम कर रहे थे, उधर दिल्ली में बैठे भाजपा के वरीय नेता पूरे मामले से अवगत हो रहे थे।

चंपई के मामले से अब तक पर्दा नहीं उठाया जाना उनके द्वारा रखी शर्तों के कारण हो सकता है। दरअसल, चंपई सोरेन अपने साथ अपने बेटे को भी राजनीति के महारथी बनाना चाहते हैं।

इसके लिए वे अपने बेटे के लिए विधानसभा चुनाव में खड़े करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं, ताकि उनके साथ - साथ उनके बेटे को भी टिकट मिल सके।

भाजपा के स्थानीय दिग्गजों को भी चंपई के भाजपा में जाने की बात हजम नहीं हो रही है, जिसके कारण भी चंपई के रास्ते में रोड़ा का काम भी यह दिग्गज कर रहे हैं। ताकि, अगर भाजपा की सरकार झारखंड में बनती है तो भाजपा के वे दिग्गज शीर्ष स्थान पर विराजमान हो सके।

### हिमंत ने किया चंपाई का भाजपा में स्वागत बोले: हेमंत भी हमारे साथ आएं मुद्दों पर सहमति दें भाजपा उनका नेतृत्व स्वीकर करेगी



**रांची, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड प्रदेश प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भाजपा में आमंत्रित करते हुए राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भाजपा ज्वाइन करने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत जी भी भाजपा में आ जाएं। हमारे मुद्दों पर काम करने का भरोसा दें हो सकता है हम झारखंड में चुनाव भी ना लड़ें। हमारी पार्टी के किसी भी व्यक्ति को नेता नहीं बनना है। हमारे लिए भाजपा से पहले झारखंड है।

**मेरी पांच महीने से हो रही है चंपाई से बातचीत :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पहुंचे हिमंत बिस्वा सरमा ने आज चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर कहा, मैं तो चाहता हूं कि हेमंत सोरेन भाजपा में आ जाएं। ये मैं चाहता हूं लेकिन वो इतने बड़े नेता है कि उनके विषय में इस तरह की टिप्पणी करना मुझे अच्छा नहीं लगता है। अगर वो दिल्ली गए हैं तो उनसे बातचीत कोशिश होगी। वैसे तो मेरी चंपाई से बातचीत होती है लेकिन मैंने कभी उनसे राजनीतिक बातचीत नहीं की आजतक मेरी उनसे पांच - छह महीनों से बातचीत हो रही है। मुझे समय लगता है कि अब समय आ गया है।

**मुद्दों में साथ आएं हेमंत हमें उनके नेतृत्व स्वीकार है :** हेमंत सोरेन के पार्टी तोड़ने के आरोप पर हिमंत ने कहा, मैं तो चाहता हूं कि हेमंत सोरेन भी भाजपा में आ जाएं। भाजपा का अर्थ है कि राष्ट्रभक्ति है। हम मिलकर काम करते हैं। झारखंड में घुसपैठ रोकने के लिए हेमंत जी से बात करने की तैयारी है। पार्टी तोड़ने की क्या बात है, हम मिलकर काम करते हैं। हमें झारखंड को बसाना है हमें भाजपा को नहीं बसाना है। हमारा कोई मतलब नहीं है। हमारे लिए देश पहले है।

**31 अगस्त से पहले पूरा करें वादा भाजपा नहीं लड़ेगी चुनाव :** हिमंत ने कहा, आज झारखंड के सामने सबसे बड़ी समस्या है घुसपैठियों की समस्या है। अगर वो भाजपा के मुद्दे के साथ हैं तो हम भी उनके साथ है। अगर मुद्दे पर हेमंत सोरेन जी नेतृत्व देते हैं तो दिक्कत क्या है। हमारी पार्टी के किसी को भी नेता नहीं बनना है। आपने जो वादा किया था उसे निभाईए अगर हेमंत सोरेन जी 31 अगस्त के पहले पांच लाख नौकरी का वादा पूरा कर दें तो हो सकता है हम चुनाव भी ना लड़ें। युवा हमारे लिए पहले हैं ना हम बाद में है। कल अगर हेमंत सोरेन जी झारखंड को घुसपैठियों को दूर करने का फैसला लेते हैं तो हम मिलकर बैठकर बात कर लेंगे।

### कोयला के अवैध कारोबार रोकने के लिए छापेमारी का आदेश

**धनबाद, एजेंसी।** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में कोयला, बालू तथा अन्य खनिजो के अवैध कारोबार पर रोक लगाने का आदेश एसएपी एचपी जनार्दनन ने दिया। बैठक की अध्यक्षता एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने की। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस पदाधिकारी, बीसीसीएल तथा सीआईएसएफ के आला अधिकारी भी मौजूद थे। एसएसपी ने कहा कि अवैध कारोबार रोकने के लिए छापेमारी की जाए।

एसएसपी ने कहा कि कोयला, बालू तथा अन्य खनिजों के अवैध खनन तथा परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। उन्होंने बीसीसीएल के अधिकारियों से कहा कि सभी कोलियरियों में महज एक इंट्री तथा एक ही निकासी का रास्ते होने चाहिए। इस पर बीसीसीएल, ईसीएल तथा अन्य कोल कंपनियों को तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया।

एसएसपी ने कहा कि जिले में नौ स्थायी चेकनाका बनाए गए हैं। बालू के अवैध कारोबार को रोकने के लिए इसे और सक्रिय करना है। बगैर चेकिंग के कोई भी वाहन चेकनाका होकर नहीं गुजरने पाए। वाहनों के कागजात की जांच की जाए।एडीएम विधि-व्यवस्था ने कहा कि कोयला तथा बालू के अवैध खनन पर रोक के लिए प्रखंड स्तर पर बनी समन्वय समिति की बैठक 15 दिनों में एक बार होनी तय है। इसमें कोयला कंपनियों से स्थानीय अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा सीओ को शामिल होना है।

# झारखंड में बड़ा हादसा, हजारीबाग में ट्रक पलटने से 11 मजदूर सड़क पर गिरे; पांच की दर्दनाक मौत

**हजारीबाग/चरही, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के चरही में रविवार को रांची-पटना मार्ग (एनएच-33) पर शाम सात बजे एक ट्रक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में चालक समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं छह घायलों में एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी का इलाज हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना की सूचना के बाद चरही पुलिस ने हजारीबाग मुक्तिधाम सेवा संस्थान के कर्मी नीरज पासवान को बुलाया। उन्होंने सातों घायलों और चार शवों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। उससे पहले सीएचसी में इलाज के क्रम में एक और मजदूर की मौत हो गई।



**पांच मजदूरों की दर्दनाक मौत :** सूचना के अनुसार, रविवार की शाम सात बजे हजारीबाग से पंडाल का सामान लेकर ट्रक रांची की ओर लौट रहा था। ट्रक के ऊपर डाला पर 11 मजदूर सवार थे। चरही के यूपी मोड़ के निकट घाटी के पास यह तीखा मोड़ पर तेज गति से चल रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पलट गया। ट्रक के पलटने ही उसपर सवार सभी मजदूर सड़क पर आ गिरे। उनमें चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतक कौन थे समाचार लिखे जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं इलाज के क्रम में सीएचसी में एक मजदूर 26 वर्षीय संजीत कुमार की मौत हो गई।

**हादसे के बाद सभी मजदूर सड़क पर गिरे :** मृतकों का शव हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखा गया है। उनके पहचानकर्ता की प्रतीक्षा की जा रही है। वहीं एक अन्य अज्ञात की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पांच अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है। ट्रक पर सवार सभी मृतक और घायल मजदूर हैं। सभी रांची के ठेकेदार के अंदर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि हजारीबाग से टेंट का सामान लेकर लौट रहे थे। सभी सामान के ऊपर ही ट्रक में बैठे थे।

**कार भी हुई क्षतिग्रस्त :** जिस वक्त अनियंत्रित होने के बाद ट्रक डिवाइडर से टकरा कर दूसरी ओर के लेन में गिरा, उसी समय एक कार भी रामगढ़ की ओर से आ रहा था। वह भी ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। हलांकि कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक से गिरे कुछ मजदूर को कार से भी चोटें आई हैं।

घायलों में 20 वर्षीय श्रीराम कुमार, 18 वर्षीय अमित कुमार यादव, 35 वर्षीय मगहर साव, 25 वर्षीय जयांश यादव और 26 वर्षीय श्रवण कुमार शामिल हैं। सभी का इलाज हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। ये कहां के रहनेवाले हैं, इसकी जानकारी ली जा रही है।

# झारखंड में टाटानगर से बोकारो के लिए चलेगी नई मेमू ट्रेन, रेल मंत्री ने भेजा पत्र

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड के टाटानगर से मुरी और सुईसा होकर बोकारो तक नई मेमू ट्रेन जल्द चलेगी। रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मांग को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंजूर कर लिया है और पत्र भेजकर ट्रेन संचालन से जुड़ी अन्य जांच कराने की जानकारी दी है।

इससे टाटानगर के यात्रियों को बोकारो जाने के लिए छह ट्रेनों की सुविधा मिलने लगेगी। अभी टाटानगर से गुजरने वाली पुरुषोत्तम, नीलांचल, राजधानी, जलियांवाला बाग समेत झाड़ग्राम-धनबाद मेमू बोकारो में रुकती है।

टाटानगर-बोकारो मेमू ट्रेन से कोल्हान समेत झारखंड के अन्य जिलों के यात्रियों को रोज आवागमन में सहूलियत होगी। हालांकि दक्षिण पूर्व रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अरुण जोशी व फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव परेश गट्टानी ने कोल्हान मुख्यालय चाईबासा से झारखंड की राजधानी रांची तक फास्ट मेमू ट्रेन चलाने का मुद्दा गार्डेनरीच में उठाया है। वहीं, टाटानगर से रात के समय चाईबासा तक मेमू ट्रेन चलाने की योजना चक्रधरपुर मंडल में है। बोकारो मेमू ट्रेन शुरू होने से टाटानगर के यात्रियों को बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



**अवैध हॉकरों से जुर्माना वसूलने का अभियान शुरू :** टाटानगर स्टेशन पर अवैध हॉकरों से जुर्माना वसूलने का अभियान शुरू है। चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी के आदेश पर अवैध हॉकर की जांच के लिए टिकट निरीक्षक, खानपान निरीक्षक एवं आरपीएफ की टीम बनी है। रविवार को तीन अवैध हॉकर से हजारो रुपये जुर्माना वसूला गया। ज्यादात्तर अवैध हॉकर दूसरे मार्ग की ट्रेनों से टाटानगर में उतरने के समय धराएं। स्टेशन और ट्रेनों में घूमकर यात्रियों को खाद्यय सामग्री व अन्य सामान बेचने वालों में हड़कंप मचा है, क्योंकि शनिवार को भी कई अवैध हॉकर पकड़ाए थे। अवैध हॉकर यात्रियों को घटिया दर्जे की खाद्य सामग्री ज्यादा कीमत पर बेचते हैं।

# सीडीएस, एनडीए और एनए का एडमिट कार्ड जारी, 1 सितंबर को दो पाली में होगी परीक्षा



**रांची, एजेंसी।** कंबाइंड डिफेंस सर्विस (सीडीएस), नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) और नेवल एकेडमी (एनए) की परीक्षा एक सितंबर को होगी। इसके लिए एडमिट कार्ड जारी हो गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12.30 तक और दूसरी पाली दोपहर 2 सो शाम 4.30 तक होगी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से 863 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा हो रही है।

इसमें सीडीएस के लिए 459 पद, एनडीए में 370 और एनए के लिए कुल 34 पद शामिल हैं। सीडीएस, एनडीए और एनए की परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है। इसके पहले मार्च में परीक्षा हुई थी। अब दूसरी परीक्षा सितंबर में होगी। सीडीएस के माध्यम से उम्मीदवारों का भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), वायुसेना अकादमी (एएफए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और अधिकारियों के प्रशिक्षण (ओटीए) में प्रवेश होगा। एनडीए और एनए से आर्मी, नेवी और एयरफोर्स विंग्स में प्रवेश होगा। एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

परीक्षा की चयन प्रक्रिया: एनडीए, एनए-2 और सीडीएस-2 परीक्षा के तहत आवेदकों का चयन लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के जरिए किया जाएगा। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी को सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) की ओर से इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। आर्मी विंग के लिए आवेदक का किसी भी स्ट्रीम में 12वीं पास होना अनिवार्य होगा। एयरफोर्स और नेवल विंग के लिए 12वीं में पीसीएम स्ट्रीम (फिजिक्स, केमेस्ट्री व मैथमेटिक्स) से पास होना अनिवार्य होगा। महिला और पुरुष दोनों को अविवाहित होना चाहिए।

# 20 साल से नौकरी कर रहे शिक्षकों के प्रमोशन का रास्ता साफ, 15 हजार टीचरों को मिलेगा फायदा

**रांची, एजेंसी।** राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत वैसे शिक्षक जो बेसिक ग्रेड (इंटर प्रशिक्षित) में 20 वर्ष तक कार्य कर चुके हों और उन्हें प्रोन्नति नहीं मिली हो, उन्हें प्रधानाध्यापक (ग्रेट सात) के पदों पर प्रोन्नति में छूट मिलेगी।

एक बार के लिए यह छूट प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति के लिए ग्रेड चार में न्यूनतम पांच वर्ष कार्य करने से मिलेगी। इसका लाभ उन लगभग 15 हजार प्राथमिक शिक्षकों को मिलेगा, जो अभी तक प्रोन्नति से वंचित हैं।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली-2024 के ड्राफ्ट में किया गया है। हालांकि विभाग द्वारा तैयार नियमावली के इस ड्राफ्ट के कई प्रविधानों पर विभिन्न शिक्षक संघों ने आपत्ति की है। इस छूट को लेकर संघों की कोई आपत्ति नहीं है।

प्रस्तावित नियमावली में यह भी प्रविधान किया गया है कि निश्शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत अर्थात राज्य में 16 दिसंबर 2014 के बाद नियुक्त इंटर प्रशिक्षित शिक्षकों को कक्षा छह से आठ के कैडर में प्रोन्नति के लिए जेटेट उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।



इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर यह अनिवार्यता लागू नहीं होगी। वर्ष 2015-16 में नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों के संघ झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने इसपर आपत्ति करते हुए सभी शिक्षकों पर इसे लागू करने की मांग रखी है।प्रस्तावित नियमावली में प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति में 50 प्रतिशत पद कक्षा छह से आठ में सीधे नियुक्त (वर्ष 2015-16 में) प्राथमिक शिक्षकों को देने तथा 50 प्रतिशत पद पूर्व से कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों को देने का भी प्रविधान किया गया है।

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसका विरोध करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक के पद इसलिए रिक्त हैं, क्योंकि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को समय पर प्रोन्नति नहीं दी गई। प्रस्तावित नियमावली में मेधांक के आधार पर वरीयता तय करने की भी बात कही गई है, जिस पर दोनों संघों ने आपत्ति की है।

झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का कहना है कि वर्ष 2015-16 में जिला स्तर पर नियुक्ति हुई थी, जिसमें विभिन्न जिलों में अलग-अलग कट ऑफ गया था।

## टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान

मेलबर्न, एजेंसी। डार्सी ब्राउन पैर की चोट से उबर गई हैं और उन्हें 15 खिलाड़ियों की आईसीसी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, जबकि अनुभवी स्पिनर जेस जोनासेन को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम की कमान एलिसा हीली के हाथों में होगी। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को अक्टूबर में खेले जाने वाले इस मेगा इवेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा की। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के कारण महिला टी20 विश्व कप को लेकर भी काफी बवाल था। इस मेगा इवेंट की मेजबानी बांग्लादेश के पास थी। मगर,



अब वेन्यू बदलकर यूएई कर दिया गया है। हालांकि, मेजबानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के पास ही रहेगी। यह टूर्नामेंट यूएई के दो स्थानों - दुबई और शारजाह में 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। पिछले साल लंबे समय तक कप्तान रहीं मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद एलिसा हीली टीम की कमान संभालेंगी और ऑलराउंडर ताहलिया मैक्ग्रा को उप-कप्तान बनाया गया है। यूएई में होने वाले विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम न्यूजीलैंड के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसके भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रीय टीम चयन प्रमुख शॉन फ्लेगर ने कहा, लंबे समय में यह पहली बार है जब विश्व कप से पहले हमारी पूरी टीम चयन के लिए उपलब्ध है। इसका परिणाम वास्तव में एक स्थिर और संतुलित टीम है। एलिसा हीली पहली बार विश्व कप में कमान संभालेंगी और हम देख चुके हैं कि वह और ताहलिया मैक्ग्रा नेतृत्व के दृष्टिकोण से कितनी मजबूत है, इसलिए उनके लिए सबसे बड़े मंच पर अपने देश का नेतृत्व करने का यह अवसर मिलना रोमांचक है।

## एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप में भारत का दबदबा, रजत पदक पर जमाया कब्जा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया। कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया।
मालदीव में जारी एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में रविवार को भारत ने टीम स्पर्धा मरुहाबा कप में चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। शनिवार को भारत ने




एशियाई खेलों में सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद पदक जीता। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया। कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। चीनी ताइपे 29.70 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया उसी सेमीफाइनल में 27.74 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल में भारतीय टीम ने एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और 24.13 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (23.93) और चीन (22.10) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।

### डुप्लांटिस ने किया कमाल, 6.26 मीटर के साथ साल में तीसरी बार

# पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

सिलेसिया, एजेंसी। भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज के शीर्ष खिलाड़ी अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डाइमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बीच निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 14वें सथान पर रहे।
अर्मेंड डुप्लांटिस ने रविवार को पोलैंड में सिलेसिया डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दौरान 6.26 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया। लुईसियाना में जन्में 24 साल के डुप्लांटिस अपनी मां के देश स्वीडन की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हैं। डुप्लांटिस ने अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का सुधार किया। डुप्लांटिस ने इस साल तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों में 6.25 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पिछला विश्व रिकॉर्ड बनाया था। डुप्लांटिस का पहला विश्व रिकॉर्ड भी फरवरी, 2020 में पोलैंड में आया था। उन्होंने कहा- सब कुछ बस मुझे ऐसा करने की अनुमति देने के लिए एक साथ आया। मुझे पता है कि बहुत से लोग मुझे कूदते हुए देखने के लिए यहां आए थे, इसलिए मैं उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। इस साल मैंने ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित किया, रिकॉर्ड स्वाभाविक रूप से आया क्योंकि मैं अच्छी स्थिति में था। इसलिए मैं आज के रिकॉर्ड से हैरान नहीं हूं, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं।
**इंगेब्रिग्त्सेन का प्रदर्शन शानदार रहा-** वहीं, इसी साल अपना 1500 मीटर ओलंपिक खिताब गंवाने वाल इंगेब्रिग्त्सेन का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पेरिस में 5,000 मीटर का खिताब जीता था। सिलेसिया डाइमंड लीग में 3000 मीटर दौड़ में इंगेब्रिग्त्सेन ने 7 मिनट 17.55 सेकंड का समय निकाला और पहले स्थान पर रहे। उन्होंने आश्चर्य में अपने हाथों को अपने चेहरे पर रखकर खुशी जाहिर की। नार्वे के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने केन्या के




डेनियल कोमेन के 28 साल के रिकॉर्ड को तीन सेकेंड से अधिक समय से तोड़ा। इंगेब्रिग्त्सेन ने कहा- यह जीत खास और अद्भुत है। मैं यहां विश्व रिकॉर्ड को चुनौती देने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन मेरे कोच का कहना था कि मैं कभी भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता हूं कि किस तरह के समय में सक्षम हूं। मैंने कल्पना नहीं की होगी कि मैं 7:17 दौड़ सकता हूं।

### अविनाश साबले का खराब प्रदर्शन

भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज के शीर्ष खिलाड़ी अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डाइमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बीच निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 14वें सथान पर रहे। एशियाई खेलों के चैंपियन 29 साल के साबले ने आठ मिनट 29.96 सेकेंड के समय के साथ 20 धावकों के बीच 14वां स्थान हासिल किया। तीन धावक दौड़ पूरी करने में नाकाम रहे। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के अल बक्काली सोफियान (आठ मिनट 4.29 सेकंड) ने रेस जीती जबकि कीनिया के अमोस सेरम (आठ मिनट 4.29 सेकंड) और इथोपिया के सैमुअल फिरेवु (आठ मिनट 04.34 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक में शीर्ष छह में रहे सभी खिलाड़ियों ने यहां प्रतिस्पर्धा की। पिछले महीने पेरिस डाइमंड लीग में साबले ने आठ मिनट 9.91 सेकंड के समय के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था और छठे स्थान पर रहे थे।

## अफ्रीका का बुरा हाल, वेस्टइंडीज ने फिर बुरी तरह रौंदकर रचा इतिहास, कर दिया ये बड़ा कमाल

नईदिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच हारने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने अब वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज भी गंवा दी है. यह लगातार तीसरा मौका है जब वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज जीती है. दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से बुरी तरह हराया। वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की इस सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है.



रविवार को खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है. ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एक समय दक्षिण अफ्रीका जीत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने खेल का रुख बदल दिया और दक्षिण अफ्रीका को हार की कगार पर ला खड़ा किया. यह वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीसरी टी20 सीरीज जीत है.

### वेस्टइंडीज बनाम दक्षिण अफ्रीका दूसरा टी20 हाइलाइट्स

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. शाई होप ने 22 गेंदों में 41 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 35 रनों का अहम योगदान दिया. शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 29 रन जोड़कर टीम के स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया. जवाब में रीजा हेंड्रिक्स की धमाकेदार बल्लेबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत की. हेंड्रिक्स द्वारा खेली गई 18 गेंदों में 44 रनों की पारी टीम को जीत की ओर ले गई. 129 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका जीत से सिर्फ 51 रन दूर था।

## 13 सितंबर से होगा आईएसएल का आगाज, मोहन बागान और मुंबई सिटी के बीच होगा मुकाबला

नई दिल्ली। आईएसएल के आगामी सत्र में 13 टीम हिस्सा लेंगी। इस बार आईलीग चैंपियन मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब भी प्रतियोगिता का हिस्सा है। आईएसएल की यह नई नवेली टीम अपने अभियान की शुरुआत अपने घरेलू मैदान से करेगी।
इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के 2024-25 सत्र की शुरुआत 13 सितंबर को होगी। पहला मुकाबला शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जाइंट और कप विजेता मुंबई सिटी एफसी के बीच खेला जाएगा। इन्हीं दोनों के बीच पिछले सत्र का फाइनल भी खेला गया था। आईएसएल ने रविवार को सत्र के शुरुआती 84 मुकाबलों के कार्यक्रम की घोषणा की जो इस साल के अंत तक चलेंगे।




**पहली बार एक दिन में दो मुकाबले होंगे-** शुरुआती सप्ताहांत में 14 सितंबर को सत्र में पहली बार एक दिन में दो मुकाबले होंगे जब चेन्नईयिन एफसी की टीम ओडिशा एफसी से उसके मैदान पर खेलेगी जबकि बेंगलुरू एफसी का सामना ईस्ट बंगाल एफसी से होगा। इसके अगले दिन केरल ब्लास्टर्स एफसी की टीम कोच्चि के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगी। हैदराबाद एफसी की टीम अपना पहला मैच बेंगलुरू एफसी के खिलाफ उसकी सरजमीं पर 19 सितंबर को खेलेगी।

# ओलंपिक में सेल्फी लेना पड़ा भारी

## उत्तर कोरिया के खिलाड़ियों को पड़ी लताड़

नई दिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों के साथ मुस्कुराने वाली सेल्फी पर उत्तर कोरिया खिलाड़ियों को वहां के अधिकारियों से लताड़ लगाए जाने की कई विदेशी समाचार पत्रों ने रिपोर्ट दी है। पेरिस ओलंपिक में उत्तर कोरिया की टेबल टेनिस रजत पदक विजेता री जोंग सिक और किम कुम योंग को पदक लेने के ग्रहण करते समय दक्षिण कोरिया के अपने प्रतिद्वंद्वी लिम जोंग-हून और शिन यू-बिन के साथ 'मुस्कुराने वाली सेल्फी के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार री जोंग सिक और



किम कुम योंग पेरिस ओलंपिक से लौटे अन्य एथलीटों के साथ 'वैचारिक मूल्यांकन से गुजर रहे हैं'। रिपोर्ट के अनुसार यह मूल्यांकन उत्तर कोरिया में एक मानक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य विदेशी संस्कृतियों के संपर्क में आने से होने वाले किसी भी दोषों को दूर करना है। प्योंगयांग में नाम ना बताने वाले अधिकारियों ने द डेली एनके ने बताया कि दुश्मन देश दक्षिण कोरिया के एथलीटों के साथ 'मुस्कुराने के लिए उत्तर कोरिया के एथलीटों को लताड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि इस सेल्फी में स्वर्ण पदक विजेता चीन के खिलाड़ी भी शामिल थे। इस सेल्फी को दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी लिम जोंग-हून ने लिया था। फोटो में दोनों कोरियाई राष्ट्रीय ध्वज हैं।

### बांग्लादेश के खिलाफ हार के बाद भड़के रमीज राजा, कहा-

# भारत ने एशिया कप में ही खोल दी थी पाकिस्तानियों की कलई

नईदिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर और पकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने रविवार (26 अगस्त) को रावलपिंडी में पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 10 विकेट से हार के बाद शान मसूद की टीम और टीम प्रबंधन पर जमकर निशाना साधा। राजा ने खराब टीम चयन और पाकिस्तान क्रिकेट टीम की खामियां बताया। रमीज ने बताया कि एशिया कप 2023 में भारतीय टीम ने पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों की कलई खोल कर रख दी थी। इसके बाद से पेस अटैक लय में नहीं दिखा है। रमीज राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम को लेकर कहा, सबसे पहले टीम चयन में गलती हुई। आप स्पिनर के बिना थे। दूसरी बात जिस प्रतिष्ठा के आधार पर हम अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा करते हैं वह खत्म हो गई है। मनोबल में गिरावट एशिया कप के दौरान शुरू हुई जब भारत ने तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में धज्जियां उड़ा दीं।
**बांग्लादेश के तेज गेंदबाज अधिक आक्रामक दिखे-** रमीज राजा ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को लेकर आगे कहा, तब यह रहस्य दुनिया के सामने आ गया कि इस गेंदबाजी लाइन-अप का मुकाबला करने का एकमात्र तरीका आक्रमण करना था। उनकी गति कम हो गई है और इसलिए उनके स्किल सेट में भी गिर गई है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज अधिक आक्रामक दिखे। वह 125 से 135 किमी




प्रति घंटे की गति वाले हमारे तेज गेंदबाजों के सामने मजबूती से डटे थे।
**शान की कप्तानी पर क्या बोले रमीज राजा-** रमीज राजा ने शान मसूद की कप्तानी और उनकी खराब बल्लेबाजी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, शान मसूद इस समय लगातार हार का सामना कर रहे हैं। मुझे लगा कि ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में चीजें कठिन थीं और पाकिस्तान की टीम वहां सीरीज नहीं जीत सकती।

### शान मसूद को अपनी बल्लेबाजी पर काम करने की जरूरत

रमीज राजा ने शान मसूद को लेकर कहा, उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर काम करने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि वह एक महान कप्तान हैं और इसलिए अगर वह लगातार शून्य पर आउट होते रहे, फिर भी उन्हें टीम में जगह मिलेगी। हार से टीम और टीम के मनोबल पर बहुत बड़ा असर पड़ता है। आप सीरीज नहीं हार सकते। पाकिस्तान क्रिकेट पहले से ही काफी दबाव में है। सीरीज हारने का मतलब होगा ड्रेसिंग रूम में तनाव, काफी आलोचना और सवाल उठेंगे।



# 36 छक्के उड़ाकर रचा इतिहास, टी-20 मैच में इस बल्लेबाज का भौकाल, सारे रिकॉर्ड किए तबाह

नईदिल्ली, एजेंसी। एक, दो, तीन, चार, पांच या छह नहीं पूरे 6 गुना ज्यादा छक्के. महाराजा ट्र20 ट्रॉफी में खेल रहा ये बल्लेबाज अब सिक्स हिटिंग मशीन बन चुका है.
उसने अकेले इतने छक्के मार दिए है कि लीग में खेल रही कुछ टीमों के मिलाकर भी इतने छक्के नहीं है. इतना ही नहीं उसके और छक्के लगाने के मामले में नंबर 2 बल्लेबाज के बीच भी एक बड़ा फर्क है. अब अगर इतना कुछ उस बल्लेबाज से जुड़ा है, जिसका नाम अभिनव मनोहर है, तो वो तो रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रचेगा ही.
**8 मैचों में जड़े 36 छक्के, तोड़ा रिकॉर्ड-** महाराजा टी-20 ट्रॉफी का इस बार दूसरा सीजन खेला जा रहा है. लीग में अब तक खेले 8 मैचों के बाद अभिनव मनोहर ने 36 छक्के जड़े हैं. इस तरह उन्होंने इतिहास रचा है. क्योंकि, यहां तो अभी 8 मैच ही खेले गए हैं. लीग के पहले सीजन में पूरा होने पर किसी बल्लेबाज के खाते में सबसे ज्यादा 32 छक्के ही दर्ज थे. पहले सीजन में मोहम्मद ताहा ने 32 छक्के जड़े थे. लेकिन, इस बार अभिनव मनोहर जिस अवतार में है, लीग खत्म होने पर उनके छक्कों का टोटल कहां जाकर रुकेगा, अभी कहना मुश्किल है.
**छक्के जमाने में अभिनव मनोहर दूसरों की पहुंच से दूर-** अभिनव मनोहर महाराजा टी-20 ट्रॉफी के पहले सीजन में 20 छक्के भी नहीं लगा पाए थे. लेकिन, इस सीजन छक्के जमाने के मामले में उन्होंने खुद को बाकी बल्लेबाजों से कितना आगे रखा है, वो आप इन आंकड़ों को देखकर अंदाजा लगा सकते हैं. अब तक 8 मैच में 36 छक्कों के साथ अभिनव मनोहर टॉप पर हैं. वहीं इतने ही मैच खेलकर करुण नायर ने सिर्फ 18 छक्के जड़े हैं, और वो दूसरे नंबर पर है.

### फाइनल तक खेल गया तो छक्कों की संख्या क्या होगी?

महाराजा टी-20 ट्रॉफी में सभी टीमें 10-10 मैच राउ स्टेज पर खेलती हैं. उस लिहाज से अभिनव मनोहर की टीम शिवामोगा लायंस को अभी 2 मैच और खेलने हैं. इसके बाद अगर वो सेमीफाइनल और फिर फाइनल तक पहुंची तो कुल 4 मैच हो जाएंगे. यानी, कम से कम अभिनव मनोहर के छक्कों की संख्या महाराजा टी-20 ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में अर्धशतकों की संख्या को तो पार कर ही लेगी.

# दोस्त के मैसेज के जरिये सेलेना गोमेज को मिली अपने एमी नॉमिनेशन के बारे में जानकारी



अभिनेत्री-गायिका सेलेना गोमेज ने खुलासा किया कि उन्हें एमी अवार्ड के लिए नॉमिनेट किए जाने के बारे में तब पता चला जब एक दोस्त ने उन्हें मैसेज किया, क्योंकि उस समय किसी ने उन्हें इस बारे में नहीं बताया था। गोमेज ने अमेरिकी टीवी शो एक्स्ट्रा को बताया, मुझे वास्तव में मेरे एक मित्र से बधाई संदेश मिला तो मैंने पूछा, किस लिए? फिर वह मुझ पर हंसने लगी। एक घंटे तक मुझे वास्तव में समझ में नहीं आया। फिर मेरी टीम ने मुझे फोन किया। तो, मैंने अभी-अभी उनसे यह सुना और मैं बहुत उत्साहित हूं। गायिका ने अपने करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी, जब उन्होंने विजार्ड ऑफ वेवर्ली प्लेस में अभिनय किया था और उसके बाद संगीत में एक सफल करियर बनाया। उन्होंने मिस्ट्री कॉमेडी सीरीज में अच्छा अभिनय भी किया था। उन्होंने कहा, मुझे (मार्टिन और स्टीव) से फूल मिले। मैं एलए में हूं, मार्टी हमेशा पूरी दुनिया में रहता है, और स्टीव न्यूयॉर्क में है। इसलिए जाहिर है कि हम एक साथ नहीं हो सकते, लेकिन जब हम फिर से एक साथ मिलेंगे तो हम जश्न मनाएंगे। गोमेज को स्टीव मार्टिन और मार्टिन शॉर्ट के साथ ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग के लिए कॉमेडी सीरीज में सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। भले ही वह पुरस्कार जीतें या न जीतें, लेकिन वह पहले से ही विजेता की तरह महसूस करती हैं।

उन्होंने कहा, मैं ऐसे शो में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं, क्योंकि बहुत सारे बेहतरीन शो हैं और यहां तक कि इस तरह का मौका मिलना भी मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं पहले ही जीत चुकी हूं।



## करोड़पति बिजनेसमैन को डेट कर रहीं कृति?



अभिनेत्री कृति सेनन ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने साल 2014 में टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कृति अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री का नाम कबीर बहिया के साथ भी जुड़ा है। एक इंटरव्यू में कृति से पूछा गया कि रिलेशनशिप में पहले वह सॉरी बोलती हैं? इस पर अभिनेत्री ने कहा कि डिपेंड करता है, अगर मुझे लगेगा कि मैं गलत नहीं हूं तो मुझे बिल्कुल भी बुरा नहीं लगेगा।

## अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने इस वर्ष सीखी गई बातों की बनाई सूची



अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने वर्ष 2024 में सीखी गई चीजों की एक सूची शेयर की है। सूची में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और परिवार के पालन-पोषण की बात कही है। रुबीना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर छुट्टियों की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। उन्होंने कैप्शन में ट्विस्ट के साथ 2024 में सीखी गई बातें बताई हैं। उन्होंने लिखा, 2024 में मैंने जो सीखा है।

मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। आप केवल वही दे सकते हैं जो आपके पास है। अपने परिवार का पालन-पोषण करें, यह आपके मूल्यों की नींव है। एकमात्र व्यक्ति, जो आपके लिए अपना जीवन समर्पित करेगा, वह आपका साथी है, उसका सम्मान करें। उन्होंने आगे लिखा, माता-पिता तेजी से बूढ़े हो रहे हैं, जल्दी से जल्दी उनसे बहस करना छोड़ दें और उनके साथ अधिक समय बिताएं। कभी भी अपनी ऊर्जा यह साबित करने में खर्च न करें कि आप कितने प्रासंगिक हैं। बता दें कि रुबीना ने 2018 में अपने लंबे समय के प्रेमी अभिनेता अभिनव शुक्ला से शादी की। 2023 में इस जोड़े ने जुड़वां बेटियों को जन्म दिया। उन्होंने बच्चियों का नाम जीवा और एधा रखा है।

रूबीना ने छोटे पर्दे पर छोटी बहू से अपना करियर का शुरुआत की थी। इसके बाद वह सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह - एक नई उम्मीद, देवों के देव...महादेव, जीनी और जूजू और शक्ति - अस्तित्व के एहसास की जैसे शो में नजर आईं। रूबीना ने फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 12 और झलक दिखला जा 10 में भी हिस्सा लिया था। उन्होंने 2022 में राजपाल यादव और हितेन तेजवानी अभिनीत अर्ध से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की।

## पर्दे पर जादू बिखेरने में है आमिर खान की दिलचस्पी

आमिर खान बॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार और बेहतरीन फिल्में दी हैं। 1988 में कयामत से कयामत तक से अपने करियर की शुरुआत करने वाले आमिर खान तीन दशक से भी ज्यादा समय से हिंदी सिनेमा में अपना योगदान दे रहे हैं। अपने इतने लंबे करियर में आमिर ने अपनी काम करने की शैली और फिल्मों के विषय के चयन को लेकर एक खास पहचान हासिल की है। इस वजह से उन्हें फैंस अक्सर मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से पुकारते हैं। हाल में ही आमिर ने इस पर अपनी राय जाहिर की है।

आमिर खान हाल में ही रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट चैप्टर 2 में शामिल हुए थे, जिसमें उन्होंने अपने काम करने की शैली और हर बारीकियों पर ध्यान देने को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा कि वह स्क्रीन पर जादू करना चाहते हैं और उन्हें इस तरह के परफेक्ट टैग को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं है। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्हें ये परफेक्शनिस्ट टैग मीडिया ने दिया है। उन्हें बस बारीकियों पर ध्यान देना सही लगता है।

आमिर ने कहा, ये परफेक्शनिस्ट टैग मीडिया ने मुझे दिया है, क्योंकि उनको लगता है कि बहुत टाइम तक मेरी फिल्में अच्छी चल रही थीं। मैं बारीकियों में विश्वास करता हूं। मुझे लगता है कि भगवान बारीकियों में ही है। अभिनेता ने कहा कि जब भी आप किसी प्रोजेक्ट या किसी और चीज पर काम कर रहे होते हैं, तो आप बड़ी चीजों को आसानी से ढूंढ लेते हैं और अक्सर छोटी-छोटी चीजों को अनदेखा कर देते हैं। उन्होंने आगे कहा बेहतरीन तरीकों से बारीकियों पर ध्यान देते हैं और परफेक्ट जैसी चीजों में दिलचस्पी नहीं लेते।

इस बातचीत के दौरान आमिर ने आगे कहा कि उन्हें पर्दे पर जादू में दिलचस्पी है। अभिनेता ने इसमें जोड़ते हुए कहा कि जो चीजें जादुई होती हैं वो अक्सर परफेक्ट नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि वह परफेक्शन में नहीं, बल्कि जादू में विश्वास करते हैं और जब तक वह उस भावना को प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक इसे बीच में नहीं छोड़ते। बताते चलें कि आमिर पिछले दो वर्षों से पर्दे पर नहीं नजर आए हैं। वह आखिरी बार लाल सिंह चड्ढा में नजर आए थे।

## अमेरिका में छुट्टियां मना रहीं हैं नेहा शर्मा



अभिनेत्री नेहा शर्मा इस समय अमेरिका में छुट्टियां मना रही हैं और उन्होंने कुछ खूबसूरत पलों को शेयर किया है। नेहा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शिकागो, इलिनोइस की अपनी यात्रा की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। उन्होंने सबसे पहले एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह स्वीट डिश के बगल में रखी मोमबत्ती को बुझाती नजर आ रही थीं।

अभिनेत्री ने इसे कैप्शन दिया, मुझे लगता है कि मैं लाइफ को सेलिब्रेट कर रही हूं। इसके बाद अभिनेत्री ने कुछ और मीठा खाते हुए लिखा, थोड़े से मीठे ने किसी की जान नहीं ली। इसके बाद नेहा ने अपनी कॉकटेल की एक झलक साझा की और लिखा, क्या शानदार शाम है दोस्तों। उन्होंने अपने छोटे भतीजे के साथ आइसक्रीम का आनंद लेते हुए खुद का एक वीडियो भी शेयर किया। इस महीने की शुरुआत में, अभिनेत्री ने अपने रोमांटिक ट्रैक दिल को करार आया की चौथी वर्षगांठ पर दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला को याद किया। नेहा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें यासर देसाई और नेहा कक्कड़ द्वारा गाए गए गाने की शूटिंग के पर्दे के पीछे की झलकियां हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हे भगवान... 4 साल हो गए। जिसके बाद उन्होंने एक सफेद दिल वाली इमोजी लगाई।

## 13 सितंबर को पहली बार बर्लिन में प्रदर्शन करेंगे गायक आतिफ असलम

पाकिस्तानी पार्श्व गायक आतिफ असलम ने जीना जीना, आदत और तेरे बिन जैसे कई हिट गाने गाकर अपनी पहचान बनाई है। वह पहली बार जर्मनी के बर्लिन में 13 सितंबर को मंच पर प्रस्तुति देंगे। बता दें कि आतिफ फिलहाल यूके/यूरोप टूर पर जा रहे हैं।

वह यूरोप और यूके के पांच शहरों में जाएंगे। आतिफ 6 सितंबर को ग्लासगो में अपना पहला शो करेंगे। उसके बाद लीसेस्टर और वेम्बली में शो होंगे। इसके बाद वे बर्लिन में परफॉर्म करेंगे और 15 सितंबर को हॉलैंड में अपने टूर का समापन करेंगे। इस टूर को लेकर उत्साहित आतिफ ने कहा, मैं दो दशकों से इस संगीत यात्रा पर हूं, और इस टूर में बर्लिन में मेरा पहला संगीत कार्यक्रम होगा। एक ऐसा शहर जहां मैं लंबे समय से प्रदर्शन करना चाहता था। यह जर्मनी के लोगों से जुड़ने और अपने संगीत के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने का एक अद्भुत अवसर होगा। यह टूर मेरे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और मैं यहां प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हूं।



बता दें कि आतिफ ने अपने दो दशक से भी लंबे करियर में कई हिट ट्रैक दिए हैं। अब वह अपने कुछ गानों ओ मेरी लैला, वो लम्हे, दिल दियां गल्लां, तू जाने ना, ओ साथी, दूरी के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। उन्होंने कहा, ब्रिटेन और यूरोपीय दर्शकों से मुझे जो प्यार मिलता है, वह हमेशा दिल को छू लेने वाला होता है और मैं अपने संगीत के माध्यम से लोगों से प्रशंसा सुनने के लिए उत्सुक हूं।



## सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय सेलिब्रिटी बनीं श्रद्धा

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी हालिया रिलीज फिल्म स्त्री 2 की सफलता के बाद से श्रद्धा कपूर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में वह इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आगे निकल गईं। पीएम मोदी के बाद श्रद्धा अब इंस्टाग्राम पर दूसरी सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय बन गई हैं।

92 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के साथ वह ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गई हैं। स्त्री 2 की सफलता के बाद श्रद्धा कपूर के फॉलोअर्स काफी तेजी से बढ़े हैं। बॉलीवुड सितारों में अब तक प्रियंका चोपड़ा इस मामले में सबसे आगे चल रही थीं। मगर अब श्रद्धा ने उन्हें पछाड़ते हुए पहले नंबर पर अपनी जगह बना ली है। साथ ही दूसरी सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली इंडियन सेलिब्रिटी बन गई हैं।

पहले नंबर पर 270 मिलियन फॉलोअर्स के साथ विराट कोहली सबसे आगे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म स्त्री 2 की रिलीज से पहले इंस्टाग्राम पर श्रद्धा कपूर के करीब 90 मिलियन फॉलोअर्स थे। मगर फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद श्रद्धा कपूर हर तरफ छा गई है। इंस्टाग्राम हैंडल पर फॉलोअर्स की बाढ़ आ गई। अभिनेत्री ने पहले देश के प्रधानमंत्री को और अब प्रियंका चोपड़ा को पछाड़ा है। बता दें कि इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टॉप तीन भारतीय सेलिब्रिटी में पहले नंबर पर विराट कोहली (270 मिलियन), दूसरे नंबर पर श्रद्धा कपूर (92 मिलियन) और तीसरे नंबर पर प्रियंका चोपड़ा (91.8 मिलियन) हैं।

## 'ए फ्लाइंग जट्ट' के आठ साल पूरे होने का टाइगर श्रॉफ ने मनाया जश्न

एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ ने अपनी फिल्म 'ए फ्लाइंग जट्ट' के आठ साल पूरे होने का जश्न मनाया और कहा कि फिल्म में उनका किरदार सामान्य सुपरहीरो जैसा नहीं था। टाइगर ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर अपने किरदार का एक स्केच शेयर किया, जिसमें 8 इयर्स ऑफ ए फ्लाइंग जट्ट लिखा हुआ है।

इसके बाद उन्होंने 2016 में रिलीज हुई सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म का एक सीन शेयर किया। इस फिल्?म को रेमो डिसूजा ने निर्देशित किया था। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, यह आपका सामान्य सुपरहीरो नहीं है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज और नाथन जोन्स ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। यह एक मार्शल आर्ट ट्रेनर अमन ढिल्लन की कहानी है, जो एक दिव्य वृक्ष से सुपरनैचुरल पावर प्राप्त करता है।

बॉलीवुड स्टार जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर ने 2012 में एक्शन रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हीरोपंती से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्हें 2016 में बागी में देखा गया, जो एक मार्शल आर्ट स्कूल की पृष्ठभूमि पर आधारित थी, जिसमें श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू भी थे। 2017 में उन्होंने डांस फिल्म मुन्ना माइकल में फिर से सब्बीर के साथ काम किया। अभिनेता को 2018 में अहमद खान की बागी 2 में देखा गया था जो बागी का सीक्वल थी। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री दिशा पाटनी भी थीं। टाइगर को स्टूडेंट ऑफ द ईयर फ्रेंचाइजी की दूसरी किस्त में भी देखा गया था, जहां उन्होंने एक कॉलेज के छात्र की भूमिका निभाई थी। जो



2019 में एक वार्षिक स्कूल चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करता है।

उसी वर्ष उन्हें सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के साथ देखा गया था। 2020 में उन्हें श्रद्धा कपूर के साथ बागी के तीसरे पार्ट में देखा गया था।



## रेस 4 के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को किया गया अप्रोच

रेस फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त रेस 4 को लेकर अटकलें जोरों पर हैं। रिपोर्ट की मानें तो सैफ अली खान फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त में भी नजर आएंगे। इसी बीच हर किसी के मन में यह सवाल है कि फिल्म में दूसरा अभिनेता कौन होगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रेस 4 के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को अप्रोच किया गया है। जानकारी तो यह भी है सिद्धार्थ मल्होत्रा भी फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। हालांकि, अब तक न तो मेकर्स और न ही अभिनेता की ओर से इस खबर की पुष्टि की गई है।

साभार-एजेंसी